हिंदी दैनिक

# द फोटोन न्यूज

सच के हक में...

झारखंड की राजधानी रांची से प्रकाशित

रांची ● बुधवार, 29 मार्च 2023 ● वर्ष : 01 ● अंक : 99 ● रांची संस्करण ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य : 3 ● www.thephotonnews.com

E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com


**सुविचार**

कभी-कभी समय के फेर से मित्र शत्रु बन जाता है और शत्रु भी मित्र हो जाता है, क्योंकि स्वार्थ बड़ा बलवान है।




08

उर्फी जावेद और सनी लियोनी बनीं सहेली


**शेयर बाजार**


| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | : | 57,613.72 |
| निफ्टी | : | 16,951.70 |

**सर्राफा**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,605 |
| चांदी | : | 75.07 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**माह-ए-रमजान**



इफ्तार (बुधवार) : 06.06
सेहरी (गुरुवार) : 04.28

# उन्नत कृषि के लिए किसानों को प्रशिक्षित करने में सहायक होगी किसान पाठशाला : मुख्यमंत्री

## समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना-सह-कृषक पाठशाला के लिए एजेंसियों और आपूर्तिकताओं के बीच हुआ एमओयू

**वरीय संवाददाता, रांची।**

झारखंड में किसान पाठशाला की उपयोगिता की ओर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ध्यान आकर्षित कराया है। उन्होंने कहा है कि उनकी सरकार का कृषि और किसानों के विकास पर विशेष फोकस है। किसानों और पशुपालकों के स्वावलंबी, सशक्तीकरण और आय बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में किसान पाठशाला के माध्यम से किसानों को उन्नत कृषि और कृषि कार्य के आधुनिक तकनीक की जानकारी देने के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री मंगलवार को समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना-सह-कृषक पाठशाला के लिए सूचीबद्ध एजेंसियों और पशुधन आपूर्तिकताओं के साथ एमओयू और नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कृषि मंत्री बादल, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना डाडेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, कृषि सचिव अबू बकर सिद्दीक, कृषि निदेशक चंदन कुमार सिंह सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।



पशु चिकित्सय को नियुक्ति पत्र देते सीएम हेमंत सोरेन व बादल पत्रलेख ● फोटोन न्यूज

## राज्य में 32 वर्षों के बाद कृषि पदाधिकारियों की हुई नियुक्ति

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 32 वर्षों के बाद कृषि पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इसका मकसद कृषि से जुड़े कार्यों और खेती के लिए किसानों को सहयोग करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत लाभुकों को दिए जाने वाले पशुओं का भी इंश्योरेंस कराया जाएगा। ताकि किन्ही वजहों से मवेशियों की मौत होने पर किसानों को किसी प्रकार का आर्थिक नुकसान नहीं उठाना पड़े। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि समृद्ध किसानों -पशुपालकों के पशुओं के इंश्योरेंस के लिए बैंकों से बातचीत की जाएगी। मुख्यमंत्री की उपस्थिति में किसान पाठशाला के लिए 17 सूचीबद्ध कार्यकारी एजेंसियों और पशुधन आपूर्तिकताओं के साथ एमओयू हुआ। मौके पर मुख्यमंत्री ने 26 पशु चिकित्सकों और 7 कर्मियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की जरूरतों और आवश्यकताओं को कैसे पूरा किया जाए, इस दिशा में सरकार ने कई योजनाएं शुरू की है। सरकार ने बजट में कृषि के लिए 4000 करोड़ रुपए से ज्यादा राशि का प्रावधान रखा है। किसानों को सशक्त बनाने के लिए हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना और किसान पाठशाला जैसी योजनाओं के साथ तालाब निर्माण, कूप निर्माण और सिंचाई परियोजनाओं को मजबूत किया जा रहा है। पशुधन योजनाओं से किसानों को जोड़ा जा रहा है। वन उपज को बढ़ावा देने के लिए सिदो-कान्हू कोऑपरेटिव फेडरेशन बनाया गया है। नए राइस मिल खोले जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लैंपस और पैक्स को मजबूत करने के साथ गोदाम तथा कोल्ड स्टोरेज बनाये जा रहे हैं।

**झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक में 24 कैदियों को रिहा करने पर सहमति**

## जेल से रिहा कैदियों की काउंसलिंग, ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग की व्यवस्था हो : हेमंत सोरेन

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक में आजीवन सजा काट रहे 50 कैदियों की रिहाई की समीक्षा हुई। इस दौरान अदालतों, संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षक, जेल अधीक्षक और प्रोबेशन पदाधिकारी के मंतव्य पर विचार-विमर्श के बाद 24 कैदियों को रिहा करने पर सहमति बनी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो भी कैदी रिहा किए जाते हैं, उनका डाटा बैंक बनाया जाए। जेल से निकलने के बाद इन कैदियों की गतिविधियों की ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग की व्यवस्था होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि समय-समय पर इन कैदियों की प्रॉपर काउंसलिंग भी होनी चाहिए। इसके अलावा इन्हें सरकार की योजनाओं से भी जोड़ा जाए, ताकि वे मुख्यधारा से जुड़े रहे। वहीं, जरूरतमंद कैदियों के पुनर्वास की भी व्यवस्था होनी चाहिए। बैठक में मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना डाडेल, विभाग के प्रधान सचिव सह विधि परामर्शी नलिन कुमार, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, न्यायिक आयुक्त, रांची अरुण कुमार राय और कारा महानिरीक्षक उमा शंकर सिंह मौजूद थे।

## एसबीआई ने सीएम को सौंपा 29.99 लाख का चेक



**रांची :** भारतीय स्टेट बैंक, पटना मंडल ने कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व के तहत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 29.99 लाख (29 लाख 99 हजार 100 रुपए) का चेक सौंपा। इस राशि से दुमका, साहिबगंज और पूर्वी सिंहभूम जिले में चयनित एक-एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। तीनों स्वास्थ्य केंद्रों के भवनों का जीर्णोद्धार और आवश्यक मशीन व उपकरण की व्यवस्था की जाएगी। यह सभी कार्य अगले महीने की 30 तारीख तक पूरे कर लिए जाएंगे। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में भारतीय स्टेट बैंक, पटना मंडल के मुख्य महाप्रबंधक शिव ओम दीक्षित, एसबीआई नेटवर्किंग-3 झारखंड के महाप्रबंधक मृगांक जैन, एसबीआई रांची अंचल के उप महाप्रबंधक प्रवीण कुमार सिंह और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

**ब्रीफ न्यूज**

### 44 साल में पहली बार हुई अतीक को सजा, चार केस सरकार ने लिया वापस

**लखनऊ :** माफिया अतीक अहमद को उम्रकैद की सजा हुई। अतीक की क्राइम हिस्ट्री बहुत लंबी है। उस पर पहला केस 1979 में दर्ज हुआ था, अब 44 साल बाद उसे पहली बार सजा हुई है। पहली ही सजा में उसे उम्रकैद मिली है। उस पर 101 मुकदमे दर्ज हैं, इनमें से करीब 50 केस कोर्ट में चल रहे हैं। पहली सजा में इतना समय इसलिए लगा, क्योंकि अतीक और उसकी गैंग के खिलाफ दर्ज ज्यादातर मुकदमों में गवाह पलटते रहे। उसके खिलाफ दर्ज 14 मुकदमों में अब तक गवाह मुकर चुके हैं। 4 मुकदमे तो राज्य सरकार ही वापस ले चुकी है। उसके खिलाफ दर्ज 12 मुकदमों में ट्रायल तक नहीं हो पा रहा था।

### रामनवमी पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, 3500 जवानों की होगी तैनाती

**रांची :** रांची में रामनवमी को लेकर पुलिस की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। अल्बर्ट एक्का चौक और डोरंडा सहित अन्य जगहों पर काफी संख्या में पुलिस जवानों को तैनात किया गया है। अति संवेदनशील क्षेत्र में रैपिड एक्शन फोर्स की तैनाती की जाएगी । पूरी सुरक्षा की मॉनिटरिंग एसएसपी किशोर कौशल खुद कर रहे हैं और अधिकारियों को लगातार दिशा निर्देश दे रहे हैं। सुरक्षा में कहीं किसी प्रकार की चूक न हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। पांच आईपीएस के अलावा 12 डीएसपी, 30 इंस्पेक्टर और 250 दरोगा सहित 3500 पुलिसकर्मी रामनवमी की सुरक्षा की कमान संभालेंगे। इसके अलावा सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में विशेष निगरानी रखने को कहा गया है।

### झारखंड विधानसभा में अवैध नियुक्ति मामले की हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

**रांची :** झारखंड विधानसभा में अवैध नियुक्ति की जांच की मांग के लिए दाखिल जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार और विधानसभा सचिव से अद्यतन जानकारी मांगी। अदालत ने पूछा कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद आयोग की जांच रिपोर्ट पर अब तक क्या कार्रवाई हुई इसके साथ ही अदालत ने पूछा है कि जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय आयोग की जांच रिपोर्ट में क्या है? इसकी भी जानकारी कोर्ट में पेश की जाए। हाईकोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई दो मई को तय की है। इस संबंध में शिव शंकर शर्मा ने जनहित याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2005 से वर्ष 2007 के बीच विधानसभा में हुई नियुक्ति में गड़बड़ी हुई है। मामले की जांच के लिए पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद आयोग का गठन किया गया। आयोग ने जांच कर वर्ष 2018 में राज्यपाल को रिपोर्ट भी सौंपी थी।

**दिल्ली में बीजेपी रेजिडेंशियल कॉम्प्लेक्स, ऑडिटोरियम का उद्घाटन**

## पीएम मोदी ने पूजन किया; कहा- यह सेवा के संकल्प और भाजपा के सपनों का विस्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को दिल्ली में भाजपा के नए रेजिडेंशियल कॉम्प्लेक्स और ऑडिटोरियम का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद पीएम ने यहां पूजन भी किया। इस दौरान पीएम मोदी ने नए भाजपा के केंद्रीय कार्यालय के विस्तार के लिए पार्टी के कार्यकताओं को बधाई भी दी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 2018 में कार्यालय का उद्घाटन करने आया था तो कहा था कि इस कार्यालय की आत्मा हमारा कार्यकर्ता है। आज हम इसका विस्तार कर रहे हैं तो यह केवल एक भवन का विस्तार नहीं है, यह भाजपा के सपनों का विस्तार है सेवा के संकल्प का विस्तार है। मैं पार्टी के कार्यकताओं को कोटि-कोटि प्रणाम करता हूं। पार्टी के संस्थापकों को भी नमन करता हूं।



कार्यालय का उद्घाटन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ● एजेंसी

बता दें यह कार्यालय भाजपा हेडक्वार्टर के सामने बनाया गया है। इसे पार्टी की बड़ी बैठकों और कैंपेन के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। इसमें संगठन महासचिव और मंत्री स्तर के नेताओं के लिए इस परिसर में रहने की सुविधा भी होगी।

**मोदी बोले- आज कई राज्यों में हमें 50% से ज्यादा वोट मिलते**

पीएम मोदी ने कहा कि सन 1984 में जो हुआ देश कभी उसे भूल नहीं सकता। उसके बाद जो चुनाव हुआ उसमें कांग्रेस को बहुमत मिला, लेकिन हम हताश नहीं हुए। हमने फिर से जमीन पर काम किया और अपने संगठन को मजबूत किया। तब जाकर आज हम यहां पहुंचे हैं। 2 लोकसभा सीटों के साथ शुरू हुआ सफर 2019 में 330 तक पहुंच गया। आज कई राज्यों में हमें 50% से ज्यादा वोट मिलते हैं।

**हमारे पास कार्यकताओं की बहुत बड़ी फौज**

हम कार्यकताओं की ताकत से सत्ता के शिखर तक पहुंचे, लेकिन हम भले ही शिखर पर पहुंचे हों हमारे पांव आज भी जमीन पर उतने ही हैं जितने 1980 में हुआ करते थे। भाजपा में ऐसे कार्यकताओं की बहुत बड़ी फौज है जो कष्ट उठाकर कर्तव्य भावना से देश सेवा में जुटे रहते हैं। हम जहां भी काम करते हैं टीम वर्क के साथ काम करते हैं। भाजपा पार्टी में मुक्त चिंतन और नए विचार सृजित होते हैं।

**हेट स्पीच के खिलाफ याचिका पर हुई सुनवाई, सुप्रीम कोर्ट ने कहा**

## केवल हेट स्पीच के खिलाफ मामला दर्ज करने से समस्या का समाधान नहीं होगा

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के लिए नफरती भाषण का त्याग करना मूलभूत आवश्यकता है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से कहा कि केवल प्राथमिकी दर्ज करने से नफरती भाषण यानी हेटस्पीच की समस्या का समाधान नहीं होगा, इसके लिए क्या कार्रवाई की गयी है।

**क्या कहा पीठ ने**

हेट स्पीच के खिलाफ याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस केएम जोसेफ और बीवी नागरत्ना की बेंच ने उक्त टिप्पणी की। पीठ ने कहा कि सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के लिए अभद्र भाषा का परित्याग करना मूलभूत आवश्यकता है। शीर्ष अदालत ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से यह भी पूछा कि एफआईआर दर्ज करने के लिए क्या कार्रवाई की गई है क्योंकि केवल शिकायत दर्ज करने से अभद्र भाषा की समस्या का समाधान नहीं होने वाला है।



**भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है**

पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता मेहता ने कोर्ट को बताया कि नफरती भाषणों के संबंध में 18 प्राथमिकी दर्ज की गयी हैं। मेहता और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के. एम. नटराज की आपत्ति के बावजूद यह मामला बुधवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया।

सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल 21 अक्टूबर को कहा था कि संविधान के अनुसार भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है। इसके साथ ही कोर्ट ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की सरकारों को नफरती भाषणों के मामलों में सख्त कार्रवाई करने और शिकायत की प्रतीक्षा किए बिना दोषियों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज करने का निर्देश दिया था।

**कोर्ट ने चेतावनी भी दी**

कोर्ट ने चेतावनी भी दी थी कि इस अत्यंत गंभीर मुद्दे पर कार्रवाई करने में प्रशासन की ओर से देरी पर अदालत की अवमानना कार्यवाही शुरू की जा सकती है।

**झारखंड में 2.36 लाख राशन कार्ड फर्जी, सभी राशन कार्ड को रद्द करने की तैयारी कर रहा विभाग**

## फर्जी राशनकार्ड पर बड़ा खुलासा, बिहार पश्चिम बंगाल से भी राशन उठा रहे लोग

**सुहैब अंसारी, रांची।**

झारखंड में एक बार फिर फर्जी राशन कार्ड पर डंडा चलेगा। फर्जी राशनकार्ड की रडार में झारखंड के 2.36 लाख राशन कार्ड आ सकते हैं। जांच में इन राशन कार्ड के फर्जी होने की जानकारी मिली है, ये सभी राशन कार्ड में गलत तरीके से राशन का उठाव किया जा रहा है। विभाग इनके खिलाफ कार्रवाई की तैयारी कर रहा है।

**कहां कितने फर्जी राशन कार्ड**

इस फर्जी राशन कार्ड में सबसे ज्यादा पूर्वी सिंहभूम में 35,834 फर्जी पाये गये हैं। धनबाद दूसरे नंबर पर हैं जहां 26,285 फर्जी राशन कार्ड हैं तीसरे नंबर पर राजधानी रांची है जहां 22,135 फर्जी राशन कार्ड होने की जानकारी मिली है। विभाग इन सभी राशन कार्ड को रद्द करने की तैयारी कर रहा है।

**आधार लिंक होने के बाद ई-पोश पर अंगूठे का निशान लेने पर सामने आया सच**

खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता विभाग ने 1 फरवरी से 21 फरवरी तक वन नेशन वन कार्ड के तहत पीडीएस सशक्तिकरण पखवाड़ा का आयोजन किया गया था। इसमें सभी लाभुको को राशन कार्ड के साथ आधार कार्ड को लिंक कराने की मांग की गयी थी। आधार लिंक होने के बाद जब ई-पॉश मशीन पर अंगूठे का निशान लिया गया तो पता चला कि उक्त राशन कार्ड धारी राजधानी रांची के साथ- साथ, बिहार, यूपी, दिल्ली, हरियाणा, पश्चिम बंगाल और ओडिशा से भी राशन कार्ड बनाकर मुफ्त में राशन ले रहे हैं।



**फजीवार्लाड़ा करने वालों की वजह से लाभुकों को नहीं मिलता लाभ**

झारखंड में फर्जी राशन कार्ड से राशन का उठाव करने वालों की संख्या 2.36 लाख है। विभाग ने ऐसे राशनकार्ड को रद्द करने की तैयारी शुरू कर दी है। विभाग ने कहा, ऐसे फजीवार्लाड़ा करने वालों की वजह से असल लाभुकों को इसका लाभ नहीं मिलता। लाभुक, जिला आपूर्ति पदाधिकारी कार्यालय का चक्कर लगाते रह जाते हैं।

**कार्रवाई की तैयारी :** राज्य में पहले भी फर्जी आधार कार्ड वालों पर कार्रवाई की जा चुकी है। फर्जी लोग पहले भी राशनकार्ड बनाकर योजना का लाभ लेते रहें। विभाग ने कहा, हम ऐसे फर्जी लोगों पर लगातार नजर रख रहे हैं, जो गलत राशन कार्ड के जरिए राशन का उठाव कर रहे हैं।

## रांची समेत राज्य के नौ जिलों में अगले तीन दिनों तक होगी बारिश

**वरीय संवाददाता, रांची।**

झारखंड के नौ जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना जाहिर की गई है। बदलते मौसम के मिजाज को लेकर मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 29 मार्च से 31 मार्च तक रांची जिले के दक्षिणी और निकटवर्ती मध्य भागों में गर्जन के साथ- साथ बारिश की संभावना जाहिर की है। यह बारिश हल्के से मध्यम दर्जे की होने की संभावना जाहिर की गई है। बदलते मौसम के बावजूद भी मौसम विभाग ने अभी तापमान में किसी तरह के बदलाव की संभावना नहीं है। मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की अपील की है। जिन 9 जिलों में मौसम में बदलावा होंगें उसमें रांची, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, खूंटी, रामगढ़, बोकारो, धनबाद और जामताड़ा शामिल है।

### अगले पांच दिनों तक कैसा रहेगा मौसम का मिजाज

आज राज्य के कई जिलों में बारिश की संभावना जाहिर की गई है। इसके अलावा 30 और 31 मार्च को बारिश होने की संभावना है। 1 से 3 अप्रैल तक मौसम समान्य रहेगा। सबसे अधिक बारिश 31 मार्च को होने का अनुमान लगाया गया है।

**कृषि के लिए कैसा रहेगा मौसम**

मैसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि बारिश की संभावना को देखते हुए किसान सावधान रहे। दो दिनों तक खेतों से दूर रहें। वज्रपात से जान-माल का नुकसान हो सकता है। मौसम साफ होते ही सब्जियों में जल निकासी की उचित व्यवस्था करें। पशुओं को खुले में ना छोड़े। खराब मौसम को देखते हुए सब्जियों को सुरक्षित रखने की व्यवस्था कर ले।

### ब्रीफ न्यूज

## बिहार भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने प्रधानमंत्री से की मुलाकात

**पटना :** बिहार भाजपा के नये प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने मंगलवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इसकी जानकारी सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री को आभार जताते हुए दी है। बिहार भाजपा के नवनियुक्त अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान उन्हें गुलदस्ता, शॉल और श्रीमद्भागवत गीता भेंट की। दोनों के बीच यह शिष्टाचार मुलाकात बतायी जा रही है। प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया लिखा है कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलकर उनका आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। उनके कुशल नेतृत्व में राष्ट्र का सर्वांगीण विकास हो रहा है। उन्होंने मुझे बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पद पर मनोनयन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह ही सम्राट चौधरी को बिहार भाजपा का अध्यक्ष बनाया गया था। प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने के बाद उन्होंने दो दिन पूर्व दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित कई अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं से मुलाकात की थी। सम्राट चौधरी प्रदेश बनने के बाद पहली बार बीते सोमवार को बिहार आये थे। उनके स्वागत में प्रदेश भाजपा ने भव्य रोड शो किया। प्रदेश भाजपा कार्यालय में उन्हें सम्मानित किया गया। इसके बाद उन्होंने पदभार ग्रहण किया।

## जी-20 से उत्तराखंड की संस्कृति और कारपोरेट को मिलेगा ग्लोबल होने का अवसर : धामी

**रुद्रपुर :** मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड में जी-20 सम्मेलन की तीन बैठकों से उत्तराखंड की संस्कृति और कारपोरेट को विश्व में ग्लोबल होने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी काशीपुर में पत्रकारों से बातचीत में यह बात कही। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के लिए बहुत सौभाग्य की बात है कि आज से रामनगर में जी-20 राउंड द टेबल मीटिंग होने वाली है। पूरे भारतवर्ष में होने वाली पांच बैठकों में से यह एक है। इस बैठक में जी-20 देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। उन्होंने इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने एक नहीं दो नहीं बल्कि तीन-तीन बैठकों की जिम्मेदारी उत्तराखंड राज्य को दी है। इससे हमारी संस्कृति, हमारी परंपरा को संपूर्ण विश्व में ग्लोबल होने का मौका मिलेगा। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा भी मौजूद थे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे उत्तराखंड वन विकास निगम के अध्यक्ष और चंपावत के पूर्व विधायक कैलाश चंद गहतोड़ी के गिरीताल रोड स्थित आवास पर जाकर उनका कुशलक्षेम जाना। इसके बाद मुख्यमंत्री भाजपा नेता अजय अग्रवाल के आवास पर उनका भी हालचाल जानने पहुंचे थे, जहां वे कुछ देर रुकने के बाद मुख्यमंत्री रामनगर में जी-20 सम्मेलन में हिस्सा लेने रवाना हो गए थे।

# रवींद्रनाथ टैगोर ने ज्ञान के लिए की थी विश्व भारती विश्वविद्यालय की स्थापना

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को किया संबोधित

**एजेंसी, कोलकाता।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने भारत को ज्ञान के मुख्य केंद्र के तौर पर देखा था। पूरे विश्व को ज्ञान देने के लक्ष्य के साथ ऐतिहासिक विश्व भारती विश्वविद्यालय की स्थापना हुई थी।

मंगलवार को बीरभूम जिले के शांति निकेतन स्थित विश्वभारती विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंची राष्ट्रपति ने विश्वविद्यालय की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का स्मरण करते हुए कहा कि यहां आना तीर्थाटन से कम नहीं है। अपने संबोधन में राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, मुझे कई शिक्षण प्रतिष्ठानों का दौरा करने का सौभाग्य मिला लेकिन विश्व भारती की मेरी यह यात्रा बहुत खास है क्योंकि यह दुनिया के सबसे महान विचारकों में से एक गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की स्मृतियों से जुड़ी हुई है। गुरुदेव ने भारत को



द्रौपादी मुर्मू की फाईल फोटो।

ज्ञान के केंद्र के रूप में देखा था और इसी ज्ञान से पूरे विश्व को शिक्षित करने के लक्ष्य के साथ विश्व भारती की स्थापना हुई थी।

उन्होंने कहा कि भारत और पड़ोसी बांग्लादेश के राष्ट्रगान जन गण मन और आमार सोनार बांग्ला की रचना इसी ज्ञान की ओर संकेत देती है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को भविष्य में बेहतर कार्य करने की शुभकामनाएं दी और राष्ट्रीय कर्तव्य बोध को ध्यान में रखने का सुझाव दिया। कार्यक्रम में उपस्थित राज्यपाल डॉक्टर सीवी आनंद बोस और विश्वविद्यालय के कुलपति विद्युत चक्रवर्ती ने भी समारोह को संबोधित किया।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति मुर्मू दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को कोलकाता पहुंची थीं। दौरे के पहले दिन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उन्हें नागरिक सम्मान दिया। उसके पहले राज्यपाल को साथ लेकर राष्ट्रपति ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के एलगिन रोड स्थित पैतृक आवास का दौरा किया। उसके बाद कोलकाता के जोड़ासांको ठाकुरबाड़ी स्थित गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के पैतृक आवास भी गई थीं।

दौरे के दूसरे दिन मंगलवार सुबह राष्ट्रपति सबसे पहले बेलूर मठ गईं। उसके बाद एक राष्ट्रीयकृत बैंक के 80 साल पूरे होने के कार्यक्रम में शिरकत करने के बाद विश्वभारती के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होने शांति निकेतन पहुंची थी। इस समारोह के बाद राष्ट्रपति पश्चिम बंगाल का दो दिवसीय दौरा समाप्त कर दिल्ली लौट गई हैं।

## आर्थिक प्रगति के लिए बैंकों को वित्तीय संतुलन बनाए रखने की जरूरतः राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**एजेंसी, कोलकाता।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पश्चिम बंगाल के अपने दो दिवसीय दौरे के अंतिम दिन मंगलवार को यूको बैंक की स्थापना के 80 वर्ष पूरे होने के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वित्तीय स्थिरता के लिए बैंकों को बैलेंस बनाकर चलने की जरूरत है। इस दौरान राष्ट्रपति ने वर्चुअल माध्यम से यूको बैंक की 80 नई शाखाओं का उद्घाटन भी किया।

अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा ₹बैंकों की पहली जिम्मेदारी लोगों के पैसों की रक्षा करना है। बैंकों का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू संपत्ति का निर्माण है। इस संतुलन को बनाए रखना होगा और अगर गड़बड़ी हुई तो आर्थिक समस्या होगी।₹ यह कहते हुए कि वे बैंकरों के परिवार से हैं, राष्ट्रपति ने कहा कि बैंकों ने लेनदेन को निपटाने के लिए कोरोना महामारी के दौरान बहुत बड़ा काम किया है।

राष्ट्रपति ने कहा कि बैंकों की दो प्रमुख जिम्मेदारियां होती हैं। सबसे पहले, उन्हें जनता के पैसे का संरक्षक होना चाहिए। दूसरा, वे कल के लिए संपत्ति बनाने के लिए आज की बचत का उपयोग करते हैं। इन दोनों जिम्मेदारियों को संतुलित करना हर बैंक के लिए एक चुनौती है। सही संतुलन बनाने में असमर्थता ने कभी-कभी विश्व के विभिन्न भागों में आर्थिक चिंताओं को जन्म दिया है। बैंक उन लाखों लोगों के भरोसे को बनाए रखने के लिए कर्तव्यबद्ध हैं जो बैंकों में अपना पैसा बचाते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बैंक के पेशेवर कर्मचारी और सतर्क नेतृत्व इन जिम्मेदारियों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करेंगे।

राष्ट्रपति ने कहा कि यूको बैंक 1943 में अपनी स्थापना के बाद से बैंकिंग क्षेत्र में अग्रणी रहा है। इसने विभिन्न क्षेत्रों जैसे ऋण और वित्तीय सेवाएं प्रदान करके हमारे देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कृषि, उद्योग, व्यापार, आधारभूत संरचना और सामाजिक कल्याण के रूप में। इसने विभिन्न सरकारी योजनाओं और पहल का समर्थन करके देश की प्रगति में भी योगदान दिया है।

## निर्वाचन क्षेत्रों का पुनर्निर्धारण नवीनतम जनगणना के अनुसार होगा : चुनाव आयोग

**एजेंसी, गुवाहाटी।**

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि असम में निर्वाचन क्षेत्रों के पुनर्निर्धारण के संबंध में सूचना, सुझाव, परामर्श और आपत्तियां आगामी 15 अप्रैल तक प्रस्तुत की जा सकती हैं। चुनाव आयोग ने साफ किया कि निर्वाचन क्षेत्रों का पुनर्निर्धारण नवीनतम जनगणना के अनुसार ही किया जाएगा।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार मंगलवार को यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों और 60 से अधिक नागरिक-सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की है। पत्रकारों को उन्होंने बताया कि 15 अप्रैल तक कोई भी व्यक्ति, संस्था या दल मेल के जरिए निर्वाचन क्षेत्र निर्धारण के संबंध में अपने सुझाव और आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्रों के पुनर्निर्धारण का कार्य जनप्रतिनिधि अधिनियम के आधार पर किया जाएगा। सामुदायिक पुनर्निर्धारण प्रक्रिया में बीटीआर, छठी अनुसूची के नियम भी लागू रहेंगे। यह वर्ष 2001 के बजाय नवीनतम जनगणना के अनुसार ही किया जाएगा। कुमार ने कहा कि इसके अलावा कई पार्टियां और संगठनों ने निर्वाचन क्षेत्र के विस्तार के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया है।

इससे पहले चुनाव आयोग से नौ मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों, तीन पंजीकृत दलों और 60 से अधिक नागरिक-सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के मुलाकात का सुबह नौ बजे से दौर चला। उन्होंने चुनाव आयोग की टीम से मुलाकात कर अपने विचार और जानकारी साझा की और लोगों की आकांक्षाओं के बारे में चुनाव आयोग की टीम को सूचित किया।

## सैनिक कल्याण बोर्ड की मैनेजिंग कमिटी का गठन नहीं होने पर राज्यपाल ने जतायी नाराजगी

**संवाददाता, रांची।**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने झारखंड में सैनिक कल्याण बोर्ड की मैनेजिंग कमिटी का गठन नहीं होने पर आश्चर्य व दुःख व्यक्त किया है। राज्यपाल की अध्यक्षता में मंगलवार को सैनिक कल्याण बोर्ड की मैनेजिंग कमिटी की बैठक हुई। राज्यपाल ने कहा, मैनेजिंग कमिटी के गठन नहीं होने के कारण अगस्त 2020 के बाद से आज तक इसकी बैठक नहीं हो पायी है। उन्होंने निर्देश दिया है कि हर छह माह में सैनिक कल्याण बोर्ड की मैनेजिंग कमिटी की बैठक हो। इस दौरान राज्यपाल ने सैनिक कल्याण बोर्ड द्वारा सैनिकों के कल्याणार्थ किए जाने वाले विभिन्न विषयों पर चर्चा की। राज्यपाल ने पूर्व सैनिकों को भगवान तुल्य बताया। कहा, उनके आश्रितों को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो, यह सुनिश्चित करने का प्रयास हो। बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी, वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय सिंह, गृह विभाग के प्रधान सचिव वंदना डाडेल समेत सैनिक कल्याण बोर्ड के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

राज्यपाल ने कहा कि पूर्व सैनिकों को सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विस्तृत डाटाबेस तैयार किया जाये। इस डाटाबेस में प्रत्येक परिवार की अहम आवश्यकता का उल्लेख हो। राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष सैनिक कल्याण बोर्ड के लिए वार्षिक अनुदान राशि उपलब्ध करायी जाए।

## सांसद संजय सेठ ने लोकसभा में रिम्स को एम्स की तरह अपग्रेड की रखी मांग

**संवाददाता, रांची।**

रिम्स को एम्स के रूप में अपग्रेड करने से संबंधित मामला सांसद संजय सेठ ने लोकसभा में नियम 377 के तहत रखा। सांसद मंगलवार को सरकार से आग्रह किया कि रांची सहित पूरे झारखंड की जरूरत और बढ़ती आबादी को देखते हुए रिम्स को अविलंब एम्स में अपग्रेड किए जाने की आवश्यकता है।

सांसद ने सदन में सरकार से कहा कि रिम्स अस्पताल, रांची की लाइफ लाइन है। इस पर सिर्फ झारखंड की राजधानी रांची ही नहीं, बल्कि पूरे राज्य की निर्भरता है। लोग सामान्य बीमारियों से लेकर आपात स्थिति तक इस अस्पताल में इलाज के लिए आते हैं। सिर्फ झारखंड ही नहीं हमारे सीमावर्ती उड़ीसा, छत्तीसगढ़, बिहार और बंगाल राज्यों से भी मरीज यहां आते हैं।

उन्होंने कहा कि झारखंड बने 22 साल हो गए, इस दौरान आबादी बढ़ी,



जानकारी देते सांसद संजय सेठ। ● द फोटोन न्यूज

इस अस्पताल पर दबाव बढ़ा लेकिन उस अनुपात में अस्पताल में सुविधाएं नहीं बढ़ी। आज राज्य सरकार की लापरवाही और अनदेखी एवं अस्पताल में संसाधनों की कमी के कारण कई बार लोग इलाज के अभाव में किसी और परिस्थिति का शिकार हो जाते हैं। राज्य की उम्मीदों के इस अस्पताल में, अब लोगों की उम्मीदें दम तोड़ रही है। लोग बीमारियों के उपचार के लिए दूसरे राज्यों की ओर पलायन कर रहे हैं। निजी अस्पतालों पर उनकी निर्भरता बढ़ रही है। आर्थिक रूप से हमारे नागरिक और भी समस्या ग्रस्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरा सरकार से आग्रह है कि यहां स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जाए। मेडिकल की सीटें बढ़ाई जाए। इसे एम्स के रूप में अपग्रेड किया जाए ताकि रांची का गौरव और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा सके।

## अतिक्रमण रोकने के लिए जियाडा की जमीन का सीमांकन करें, इंफ्रास्ट्रक्चर को करें मजबूत : हेमंत

### सीएम की अध्यक्षता में हुई झारखंड इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी की 11वीं बोर्ड बैठक

**संवाददाता, रांची।**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (जियाडा) अंतर्गत आने वाली जमीन का सीमांकन और बोर्ड लगाने का निर्देश दिया है। इससे जमीन का अतिक्रमण नहीं हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने जियाडा क्षेत्र में बिजली, पानी, सड़क जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने को भी कहा है। मुख्यमंत्री मंगलवार को जियाडा की 11वीं बोर्ड बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना डाडेल, वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव केके सोन, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे,





अधिकारियों संग बैठक करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन। ● द फोटोन न्यूज

उद्योग सचिव जितेंद्र कुमार सिंह, निदेशक उद्योग रमेश घोलप और जियाडा रांची, बोकारो, आदित्यपुर और संथाल परगना के क्षेत्रीय निदेशक मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जियाडा में जिन कंपनियों को भूमि आवंटित की गयी है, लेकिन उनके द्वारा यहां कोई प्लांट स्थापित नहीं किया गया है, उन्हें नोटिस जारी करें। जियाडा परिसर के आसपास के क्षेत्रों में जिन उत्पादों की ज्यादा डिमांड और उत्पादन होता है, वैसे ही उत्पादों से जुड़ी सामग्री बनाने वालों को जियाडा परिसर में जमीन आवंटित करने में प्राथमिकता दी जाये।

जियाडा की बोर्ड मीटिंग में 15 एजेंडों पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि राज्य में जियाडा के बोकारो, आदित्यपुर, रांची और संथाल परगना प्रक्षेत्र में कुल 132 इंडस्ट्रियल एरिया में 3484 इंडस्ट्रियल यूनिट हैं। जियाडा के अधीन 9013 एकड़ जमीन है, जिसमें 8021 एकड़ जमीन इंडस्ट्रियल यूनिट के लिए आवंटित की गई है।

### जी-20 सम्मेलन का आगाज, 17 देशों के 51 और देश के 18 प्रतिनिधि पहुंचे उत्तराखंड

## पारंपरिक पहाड़ी तौर-तरीके से हुआ विदेशी मेहमानों का स्वागत

**एजेंसी, रामनगर/रुद्रपुर।**

उत्तराखंड के रामनगर में आज जी-20 अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के लिए विदेशी प्रतिनिधियों के यहां पहुंचने पर नगरवासियों और आला प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इसके लिए पारंपरिक परिधानों में महिलाएं और अन्य लोग हाथों में तिरंगा लेकर लखनपुर में भी खड़े थे।

इस तरह से आज से उत्तराखंड के रामनगर में होने वाले जी-20 के 3 दिवसीय वैज्ञानिक सलाहकार गोलमेज सम्मेलन का आगाज हो चुका है। कल सुबह दस बजे से ताज रिजॉर्ट में वैज्ञानिक सलाहकार गोलमेज सम्मेलन होगा। शाम को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री उनके सम्मान में रात्रिभोज देंगे।

आयोजन स्थल ताज रिजॉर्ट में पारंपरिक पहाड़ी झोड़ा और छोलिया नृत्य के साथ लोक



जी-20 सम्मेलन में जुटे प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए। ● एजेंसी

कलाकारों ने इन प्रतिनिधियों का स्वागत किया। अपने जोरदार स्वागत से अभिभूत देशी-विदेशी प्रतिनिधि काफी खुश नजर आए। इस दौरान सड़क मार्ग को जीरो जोन घोषित किया गया था। सुरक्षा बलों के तीन हजार जवान और अधिकारी पूरे रास्ते की निगहबानी में जुटे रहे।

इस दौरान चौराहे पर छोलिया नृत्य की टीम पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ स्वागत के लिए तैयार थीं। रामनगर पहुंचने पर महिलाओं ने उत्तराखंड की वेशभूषा में तिरंगा हाथ में लेकर डेलीगेट्स का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री का धन्यवाद देते हैं, जिनके प्रयासों से रामनगर यह सम्मेलन हो रहा है और हम लोग बहुत खुश हैं कि विदेशी मेहमान हमारे रामनगर में आए हैं।

जी-20 सम्मेलन के अंतर्गत रामनगर (जनपद नैनीताल) में आयोजित होने वाली चीफ मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार की बैठक में भाग लेने के लिए 17 देशों के 51 प्रतिनिधि दोपहर 1:30 बजे पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचे थे। इसमें से 18 प्रतिनिधि भारत से, रसिया से 04, नाइजीरिया से 01, फ्रान्स से 02, इटली से 02, यूएसए से 02, कोरिया से 01, यूनाइटेड किंगडम से 05, जापान से 01, स्पेन से 01, साउथ अफ्रीका से 04, ऑस्ट्रेलिया से 01, नीदरलैण्ड से 01, कनाडा 02, सऊदी अरब से 03, ब्राजील से 01, चाईना से 02 से प्रतिनिधि हैं। जबकि यूरोपियन संघ के 03 सदस्य हैं।

मण्डलायुक्त दीपक रावत, आईजी नीलेश आनन्द भरणे और जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने इन मेहमानों के पन्तनगर पहुंचने पर स्वागत किया। इसके पश्चात कुमाऊॅनी परिधानों में सुशोभित सांस्कृतिक टीम द्वारा तिलक लगाकर, पहाड़ी टोपी, पटका, तुलसी माला पहनाकर स्वागत किया। सभी प्रतिनिधि पहाड़ी टोपी एवं कल्चर से अभिभूत और खुश नजर आए। मेहमानों ने पहाड़ी संस्कृति आधारित छोलिया नृत्य कार्यक्रम का भरपूर आनन्द लिया। कुछ प्रतिनिधि इन लम्हों को अपने मोबाइल्स में कैद किया और सेल्फी लेते हुए नजर आए तो कुछ प्रतिनिधि कुमाऊंनी संगीत की धुन पर नृत्य करने से खुद को नहीं रोक पाए और संगीत पर जमकर थिरके।

इन प्रतिनिधियों को स्थानीय उत्पादों से परिचित कराने के लिए जिला प्रशासन ने स्थानीय उत्पाद पर आधारित प्रदर्शनी लगाई थी, जिसमें विभिन्न प्रकार के स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। इन प्रतिनिधियों के लंच की व्यवस्था स्थानीय होटल रेडीशन ब्लू में की गई थी, जिसमें पहाड़ी एवं स्थानीय व्यंजनों के साथ ही विभिन्न प्रकार के व्यंजनों की व्यवस्था की गई थी। अपराह्न 3:30 बजे डेलीगेट्स ने रामनगर के लिए प्रस्थान किया।

इस दौरान मण्डलायुक्त दीपक रावत, आईजी नीलेश आनन्द भरणे, जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त, एसएसपी मन्जूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, प्रशिक्षु आईएएस अनामिका, प्रबन्ध निदेशक मण्डी आशीष भटगाई, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, उप जिलाधिकारी प्रत्यूष सिंह, तुषार सैनी, कौस्तुभ मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री दो दिवसीय दौरे पर 30 को आएंगे उत्तराखंड

**एजेंसी :** मांडविया दो दिवसीय दौर पर 30 मार्च को उत्तराखंड दौरे पर रहेंगे। इस दौरान सीमांत जनपद चमोली के मलारी गांव में एक दिवसीय प्रवास करेंगे। स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन के अधिकारी केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री के भ्रमण और विभिन्न योजनाओं के शिलान्यास को देखते हुए कार्यक्रम को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि आगामी 30 व 31 मार्च को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया उत्तराखंड आयेंगे। 30 मार्च को प्रात: 7:30 बजे जैलीग्रांट हवाई अड्डा पहुंचकर राज्य अतिथि देहरादून के लिये रवाना होंगे। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री सुबह 10 बजे राज्य अतिथि गृह से कैनाल रोड़ जाखन स्थित प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का निरीक्षण करेंगे। इसके उपरांत केन्द्रीय मंत्री जीटीसी हेलीपैड देहरादून से आर्मी हेलीपैड मलारी चमोली के लिये रवाना होंगे। जहां से वह दोपहर 12:30 बजे आईटीबीपी कैंप मलारी विलेज पहुंचेंगे। करीब एक घंटा आईटीबीपी कैंप में रूकने के बाद केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मलारी के ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इसके उपरांत केन्द्रीय मंत्री जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम की समीक्षा करेंगे। 30 मार्च को मलारी गांव में ही प्रवास के दौरान वह मलारी के अलावा आस.पास के कैलाशपुर, गुरगुटी,बंपा, गमशाली और नीति गांव का भी भ्रमण करेंगे। आशा कार्यकत्रियों से भी संवाद करेंगे और सीमांत क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाओं पर चर्चा करेंगे। मंत्री ने बताया कि मलारी भ्रमण के उपरांत केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री 31 मार्च को वापस देहरादून पहुंचेंगे। जहां पर वह मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में 11:30 बजे स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। जिसके अंतर्गत दून मेडिकल कॉलेज के 500 बेड क्षमता के अस्पताल तथा ईसीआरपी एवं प्रधानमंत्री–आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन; पीएम–एबीएचआईएम के अंतर्गत तीन जनपदों श्रीनगर, पौड़ी, रुद्रप्रयाग व नैनीताल हेतु स्वीकृत 50–50 बेड के तीन क्रिटिकल केयर ब्लॉक का शिलान्यास शामिल है। कार्यक्रम सम्पन्न होने के उपरांत केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री करीब 3 बजे जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचेंगे जहां से वह नई दिल्ली के लिये रवाना होंगे। देश के उत्तरी सीमा के सामरिक महत्व को देखते हुए भारत सरकार द्वारा वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम शुरू किया गया है जो कि वित्त वर्ष 2022–23 से 2025.26 तक चलेगा। इसके लिये भारत सरकार द्वारा 4800 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। जिसमें से 2500 करोड़ रुपये सड़कों के निर्माण पर खर्च किए जाएंगे। इस कार्यक्रम से चार राज्यों एवं एक केंद्र शासित प्रदेश के 19 जिलों और 46 सीमावर्ती ब्लाकों में आजीविका के अवसर और आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलेगी।

# हाईकोर्ट : दारोगा नियुक्ति मामले में जेएसएससी की दलील सही, अपीलकर्ता की अपील खारिज


झारखंड हाईकोर्ट

**विशेष संवाददाता, रांची।**

दारोगा पद पर नियुक्ति मामले में आरक्षण के लिए अपने ऑनलाइन आवेदन में दिए गए बीसी-2 कैटेगरी का सर्टिफिकेट नहीं देने की वजह उन्हें सामान्य कैटेगरी में माने जाने और उनका चयन नहीं होने को लेकर जिज्ञासा गुप्ता की अपील की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में मंगलवार को हुई. हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने झारखंड स्टाफ सिलेक्शन कमीशन का पक्ष जानने के बाद प्रार्थी की अपील को खारिज कर दिया. कोर्ट ने एकल पीठ के आदेश को बरकरार रखा.

सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि झारखंड संयुक्त पुलिस अवर निरीक्षक प्रतियोगिता परीक्षा 2017 में दरोगा पद पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन संख्या 5/ 2017 झारखंड स्टाफ सिलेक्शन कमीशन ने निकाला था। प्रार्थी ने ऑनलाइन आवेदन में आरक्षण का लाभ लेने के खुद को बीसी -2 कैटेगरी में डिक्लेअर किया था। बाद में उनका चयन जेएससीसी द्वारा कर लिया गया था। डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के दौरान जब उन्हें बुलाया गया तो उन्होंने अपना कैटेगरी सर्टिफिकेट बीसी -2 का नहीं दिया। उन्होंने बीसी -1 का सर्टिफिकेट दिया। उनकी ओर से कहा कि ऑनलाइन आवेदन में उनकी ओर से गलती से बीसी -2 कैटेगरी भरा गया था। जेएसएससी ने उनकी इस बात को नहीं माना और उन्हें सामान्य श्रेणी में मानते हुए उनको चयनित नहीं किया। जिसके खिलाफ प्रार्थी ने हाईकोर्ट की एकल पीठ में याचिका दाखिल की जिसमें कहा कि उन्हें बीसी -1 में कंसीडर नहीं किया गया। गलती से उन्होंने आरक्षण के लिए बीसी -2 भर दिया था। एकल पीठ ने प्रार्थी की याचिका खारिज कर दी थी। जिसके खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट की खंडपीठ में एलपीए दाखिल की थी। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने प्रार्थी को राहत नहीं देते हुए उनकी अपील को खारिज कर दिया। खंडपीठ ने कहा विज्ञापन के शर्त के अनुसार एक बार कैटेगरी भरे जाने के बाद सलेक्शन के अंतिम प्रोसेस में इसमें सुधार नहीं किया जा सकता है। जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पीपर वाला पिपरवाल एवं प्रिंस कुमार ने पैरवी की।

## रंजीत कोहली ने गवाह पेश करने के लिए सीबीआई कोर्ट से मांगा समय

**रांची** : रांची सीबीआई कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में तारा शाहदेव से जुड़े मामले की मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई में नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव के यौन उत्पीड़न केस में बचाव पक्ष ने गवाह प्रस्तुत करने के लिए कोर्ट से समय मांगा है। कोर्ट ने बचाव पक्ष यानी रंजीत कोहली के आग्रह को स्वीकार करते हुए गवाह प्रस्तुत करने के लिए 11 अप्रैल का समय दिया है। इससे पहले सभी आरोपियों के 313 का बयान दर्ज किया जा चुका है। सीबीआई ने इस मामले में 26 गवाह अदालत के समक्ष पेश किए हैं।

### अटल वेंडर मार्केट में दुकान आवंटित करने से संबंधित याचिका पर हुई सुनवाई, रांची डीसी ने कहा

## एक माह में दुरुस्त कर देंगे मेन रोड की यातायात व्यवस्था

**रांची** : कचहरी चौक स्थित अटल वेंडर मार्केट में दुकान आवंटित करने से संबंधित गोपाल प्रसाद बर्मन व अन्य की याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को हुई। हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान रांची डीसी और नगर आयुक्त कोर्ट में सशरीर उपस्थित थे। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट में रांची डीसी ने कहा कि अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए रोड मैप तैयार किया गया है। एक माह में इसी रोड मैप के सहारे यातायात व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी। इस पर कोर्ट ने मौखिक कहा कि मेन रोड सहित रांची शहर में सुगम यातायात बहाल की जाए ताकि सभी लोगों को राहत मिले। इस पर रांची डीसी ने एक माह का रोड मैप देते हुए कोर्ट को बताया है कि 1 माह में मेन रोड में सुगम यातायात की सुविधा बहाल होगी।

रांची डीसी ने कोर्ट को बताया कि रांची शहर को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए 6 जोन में बांट दिया गया है। ट्रैफिक व्यवस्था पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। शहर में फ्लाईओवर निर्माण को लेकर एलएनटी को कहा गया है कि सड़क पर लगाए गए बैरिकेडिंग कि लंबाई बढ़ाए ताकि सुगम यातायात व्यवस्था बनी रहे। ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए होमगार्ड के जवानों की नियुक्ति के लिए भी सरकार को कहा गया है। सड़कों के किनारे लगाए गए चार्टर्ड साइकिल को भी हटाया जाएगा। इसके अलावा सड़कों पर लगाए गए हो होल्डिंग्स, बैनर, अनावश्यक बिजली के खंभे आदि को भी हटाकर स्मूथ ट्रैफिक व्यवस्था की जाएगी। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 3 मई निर्धारित करते हुए रांची डीसी को सुगम ट्रैफिक व्यवस्था के लिए उठाए गए कदमों स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। इसके अलावा अगली सुनवाई में भी कोर्ट ने रांची डीसी एवं नगर आयुक्त को फिर से सशरीर उपस्थित रहने का निर्देश दिया। पूर्व की सुनवाई में डीसी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि सम्मान फाउंडेशन की ओर से 2016 में कचहरी चौक से सर्जना चौक तक के फुटपाथ दुकानदारों का सर्वे कराया गया था, इसके आधार पर अटल वेंडर मार्केट में फुटपाथ दुकानदारों को बसाया गया है। फुटपाथ दुकानदारों के लिए 10 जगह चिन्हित किए गए हैं, ताकि सड़कों पर जाम की समस्या ना हो।

## राज्य में बालू के अवैध उठाव पर लगाएं रोक : हाईकोर्ट

**रांची** : झारखंड हाईकोर्ट ने डिपार्टमेंट ऑफ माइनिंग एंड जियोलॉजी एवं झारखंड स्टेट मिनरल डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड (जेएसएमडीसी) को निर्देश दिया है कि वह राज्य में अवैध रूप से हो रहे बालू उठाव पर रोक लगाएं। कोर्ट के आदेश का पालन नहीं करने पर आपराधिक अवमानना का मामला माना जाएगा। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने की। खंडपीठ ने मामले में राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने के लिए 3 सप्ताह का समय देते हुए मामले की अगली सुनवाई 26 अप्रैल निर्धारित की है। मामले को लेकर फेडरेशन ऑफ झारखंड सैंड ट्रेडर्स एसोसिएशन ने याचिका दाखिल की है।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया है कि झारखंड के नदी घाटों से बालू उठाव बिना टेंडर या बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के होता है। बालू उठाव के लिए टेंडर प्रक्रिया का पालन होना चाहिए। अवैध रूप से बालू उठाव होने से राज्य सरकार को जहां राजस्व का नुकसान होता है। वहीं लोगों से बालू की मनमानी कीमत भी वसूली जाती है। वर्ष 2019 में बालू घाटों से बालू के उठाव को लेकर टेंडर निकाला गया था, लेकिन यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी थी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता पीयूष पोद्दार एवं विकास पांडे ने पैरवी की।

## गर्भपात के बाद प्रेमिका को मार डाला, नर्सिंग होम की पर्ची से खुला राज, प्रेमी हुआ गिरफ्तार

**क्राइम रिपोर्टर, रांची।**

चुटिया की छात्रा रश्मि मुंडा हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी प्रेमी पंकज महतो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस इस मामले में रश्मि की तलाश कर रही थी, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल पा रहा था। छात्रा 13 फरवरी को घर में यह बोलकर निकली थी कि वह अपने दोस्त के पास से आ रही है। इसके बाद वह वापस नहीं लौटी थी। कुछ दिन के बाद ओरमांझी इलाके से एक कंकाल बरामद हुआ था लेकिन पुलिस को इस बात की जानकारी नहीं थी कि कंकाल रश्मि का है या फिर किसी और का है। छात्रा के घरवालों को छात्रा के किताब से एक नर्सिंग होम का पर्ची मिला था। पर्ची से पता चला कि छात्रा का गर्भपात हुआ है। पर्ची में छात्रा के पति का नाम पंकज लिखा हुआ है। इसके बाद पुलिस ने पंकज को पकड़ा और उससे पूछताछ की गई तो पूरे मामले का खुलासा हो गया। पुलिस नर्सिंग होम में जाकर रजिस्टर चेक किया तो उसमें भी छात्रा के पति का नाम पंकज लिखा हुआ था। पंकज ने बताया कि छात्रा अपने घर से फरार होकर उसके घर आ गई थी। वह साथ रहना चाहती थी लेकिन पंकज उसे रखना नहीं चाह रहा था। इसी बात को लेकर छात्रा और पंकज में मारपीट हुई थी। छात्रा की मौत पंकज के घर में हो गई थी। आरोपी ने छात्रा के शव को एक बोरा में रखकर जंगल में ले गया और उसे जला दिया।

### पहली बार पूछताछ में पुलिस को नहीं मिला था सुराग

छात्रा के लापता होने के बाद पुलिस ने पंकज को हिरासत में लिया था। पूछताछ के दौरान पंकज ने छात्रा के बारे में कुछ नहीं बताया था। उसने कहा था कि उसकी दोस्ती थी और इससे ज्यादा कुछ नहीं था। इसके बाद पंकज को पुलिस ने छोड़ दिया था। लेकिन पर्ची मिलने के बाद पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो आरोपी ने हत्या करने की बात स्वीकार कर ली।

**सीडीआर से भी नहीं मिल पाया था सुराग**

छात्रा लापता होने के बाद पुलिस ने कई जगहों पर लगे सीसीटीवी का फुटेज खंगाला था लेकिन पुलिस को कोई सुराग नहीं मिल पाया था। फुटेज में इस बात की जानकारी मिली थी कि छात्रा शहर से बाहर निकल गइ है लेकिन कहां तक गई है यह पता नहीं चल पाया था। छात्रा जिस नंबर से बातचीत करती थी पुलिस को उससे भी कई अहम सुराग नहीं मिल पाया था।

## जेल ब्रेक के लिए लवकुश शर्मा ने कैदी वाहन में की थी मारपीट, कई बार किया गेट तोड़ने का प्रयास

**क्राइम रिपोर्टर, रांची।**

कुख्यात अपराधी लवकुश शर्मा जेल ब्रेक की तैयारी में था। इसी साजिश के तहत बरियातू रोड में कैदी वाहन में लवकुश शर्मा और राज वर्मा ने मारपीट की थी। दोनों मारपीट करने के दौरान बार बार गेट तोड़ने का प्रयास कर रहे थे। इनके खिलाफ कोर्ट हाजत में तैनात एएसआई शिवाजी राम ने बरियातू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में एएसआई ने कहा है कि समय रहते कैदी वाहन को बरियातू थाना के अंदर नहीं ले जाया जाता तो अपराधी भागने में सफल हो जाते। इस मामले में पुलिस लवकुश और राज वर्मा को रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। इसके लिए पुलिस कोर्ट में अर्जी देगी।


लवकुश शर्मा • फाइल फोटो

**इंजीनियर को गोली मारने के बाद आया था चर्चे में**

लवकुश शर्मा का बड़े अपराधियों से सांठगाठ है। इसमें मुख्य रूप से सुजीत सिन्हा है। जेल में रहने के दौरान लवकुश और सुजीत में दोस्ती हुई थी। एक करोड़ की रंगदारी के लिए मोरहाबादी में इंजीनियर समरेंद्र प्रसाद को गोली मारने के मामले में लवकुश के साथ साथ सुजीत का भी नाम सामने आया था।

### 20 से ज्यादा मामले हैं दर्ज

रांची पुलिस जल्द ही लवकुश शर्मा और सोनू शर्मा को दूसरे जेल में शिफ्ट करेगी। रांची जेल में रहने के बाद भी दोनों अपराधी काफी सक्रिय हैं। जेल में रहने के दौरान दोनों ने कई बार कारोबारियों से रंगदारी मांगा है। लवकुश के खिलाफ रांची में अलग अलग थानों में 20 से अधिक मामले दर्ज हैं। जेल में लवकुश और राज वर्मा पर जेल प्रशासन की नजर है। दोनों को अलग अलग वार्ड में रखा गया है ताकि दोनों के बीच जेल के अंदर विवाद नहीं हो।

## रिम्स डेंटल कॉलेज का होगा अपना ऑपरेशन थिएटर, मरीजों को नहीं करना होगा इंतजार

**वरीय संवाददाता, रांची।**

राज्य के सबसे बड़े हॉस्पिटल रिम्स के डेंटल कॉलेज में व्यवस्था बदलने जा रही है। डेंटल कॉलेज का अब अपना ऑपरेशन थिएटर होगा। इससे डेंटल की समस्या से जूझ रहे मरीजों को इंतजार नहीं करना होगा। इतना ही नहीं डेंटल के स्टूडेंट्स को प्रैक्टिकल की भी सुविधा मिलेगी। जिससे कि वे पढ़ाई के दौरान कुछ नया सीखेंगे। अपना ऑपरेशन थिएटर नहीं होने के कारण जब गंभीर मामले आते है तो ऐसी स्थिति जो ऑपरेशन थिएटर खाली होता है, वहीं पर मरीजों का इलाज किया जाता है। मरीजों की वेटिंग लिस्ट भी लंबी होती है। जब विभागों के ऑपरेशन थिएटर खाली होते है तो डेंटल के मरीजों का ऑपरेशन किया जाता है।

### गवर्निंग बॉडी ने दी है सहमति

डेंटल कॉलेज के ग्राउंड फ्लोर पर ओपीडी कांप्लेक्स के बगल में ही ऑपरेशन थिएटर के लिए जगह उपलब्ध कराई गई है। जहां पर लंबे समय से ऑपरेशन थिएटर के निर्माण को लेकर काम चल रहा है। लेकिन आजतक ऑपरेशन थिएटर तैयार नहीं हो सका। इसे गंभीरता से लेते हुए रिम्स की गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष ने जल्द से जल्द आपरेशन थिएटर को चालू कराने को कहा है।

## प्री-पेड हुए 1100 स्मार्ट मीटर, उपभोक्ता करा सकते हैं रीचार्ज

**वरीय संवाददाता, रांची।**

- अब किराना दुकान व डिपार्टमेंटल स्टोर में भी जमा हो सकेंगे बिजली बिल, नया एप जल्द
- नॉर्मल मीटर का बिलिंग कार्य अब देखेगी फ्लुऐंट ग्रिड एजेंसी, पायलट प्रोजेक्ट के तहत कांके सब डिवीजन के 19 हजार उपभोक्ताओं की होगी बिलिंग
- राजधानी में 52 हजार स्मार्ट लगाने का काम हुए पूरा, टेस्टिंग और स्विचिंग काम तेज



राजधानी में लगाए जा रहे प्री-पेड स्मार्ट मीटर को लेकर जेबीवीएनएल ने उपलब्धि हासिल की है। रांची में पायलट प्रोजेक्ट के तहत लगाए गए 1100 स्मार्ट मीटर प्री-पेड मोड में आ गया है। टेस्टिंग के बाद कंज्यूमरों को इसका मैसेज आना शुरू हो गया है। कंज्यूमर निकट के एटीपी मशीन (जहां बिजली बिल जमा होता है) या फिर गूगल-पे या बीबीपीसी पर जाकर रीचार्ज करा सकते हैं। वहीं, शहर में लगाये जा रहे स्मार्ट मीटर की टेस्टिंग और स्विचिंग का काम तेज कर दिया गया है, ताकि जल्द से जल्द उनकी रीडिंग हो सके। अब तक साढ़े तीन लाख में से 52 हजार स्मार्ट मीटर लगाने का काम हो चुका है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत रांची शहरी कंज्यूमरों का पुराना मीटर हटाकर नया स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है। जेबीवीएनएल बिजली कंज्यूमरों को एक और सुविधा प्रदान करने जा रहा है। बिजली बिल जमा करने के लिए एटीपी मशीन में लंबी कतारें को देखते हुए नया एप तैयार कर रहा है। इसके तहत राज्य के किराना स्टोर और डिपार्टमेंटल स्टोर में भी बिजली बिल जमा कराया जा सकेगा। स्टोर संचालकों को एक एप मुहैया कराया जाएगा, जिसे वे अपने मोबाइल में डाउनलोड कर बिजली बिल जमा करा सकेंगे। इससे कंज्यूमर कभी भी कहीं भी अपना बिजली बिल जमा करा सकेंगे।

### रामनवमी को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च, शहर के मेन रोड में एक्शन मोड में दिखे एसएसपी, सिटी एसपी और अधिकारी

# जुलूस के दौरान ड्रोन और सीसीटीवी से रखी जाएगी नजर

**वरीय संवाददाता, रांची।**


विधि-व्यवस्था का जायजा लेते रांची डीसी, रांची एसएसपी, रांची ट्रैफिक एसपी व अन्य अधिकारी • फोटोन न्यूज

राजधानी रांची में रामनवमी की तैयारियां विभिन्न अखाड़ों की ओर से जोर-शोर से की जा रही है। वहीं पर्व और इस दौरान निकलने वाले जुलूस शांतिपूर्ण पूरे हों, इसके लिए पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रही है। मंगलवार दोपहर में शहर की व्यवस्था पर नजर दौड़ाने के लिए पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियों ने फ्लैग मार्च किया। शहर के मेन रोड में एसएसपी, सिटी एसपी सहित विभिन्न थानों के प्रभारियों ने परेड की। इस दौरान लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील भी पुलिस पदाधिकारियों ने की। एएसपी मुख्यालय वन मुमल राजपुरोहित के नेतृत्व में रामनवमी पर्व को लेकर कांके थाना क्षेत्र के बाजार टांड, चूड़ी टोला, मिल्लत कॉलोनी, ब्लॉक चौक, अरसंडे, बोड़ेया आदि जगहों पर फ्लैग मार्च किया गया। रामनवमी पर्व और जुलूस के दौरान किसी तरह की गड़बड़ी न हो इसके लिए ड्रोन और सीसीटीवी की मदद ली जा रही है। रांची शहर और उसके आस-पास के पूरे इलाके में पुलिस ने हाई अलर्ट जारी किया है। पुलिस प्रशासन के अनुसार असामाजिक तत्वों पर नजर रख रही है। पर्व को लेकर अफवाह फैलाने वालों अथवा भड़काऊ कार्य करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी तरह रामनवमी में कोई विवाद ना हो उसको लेकर शरारती तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। वहीं रामनवमी जुलूस के दौरान सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन कैमरा से निगरानी रखी जाएगी। एसएसपी ने सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि किसी तरह का अफवा फैलाए जाने और पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई होगी।

**रांची में रैफ की पोस्टिंग की गयी**

सुरक्षा का ख्याल रखते हुए राज्य भर में पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। राजधानी रांची में सीरआरपीएफ के रैपिड एक्शन फोर्स की दो कंपनी प्रतिनियुक्त की गयी है। पूरे राज्य में केंद्रीय सुरक्षा बलों की सात कंपनियां लगायी गयी हैं। वहीं 14,920 पुलिसकर्मियों की अतिरिक्त तैनाती भी की गई है। रांची, जमशेदपुर, गिरिडीह, पलामू, लोहरदगा और दुमका में रैपिड एक्शन फोर्स की एक-एक कंपनियां लगायी गयी हैं। पलामू में सीआरपीएफ महिला बटालियन की एक कंपनी तैनात की गयी है।

**शहर का ऐसा होगा ट्रैफिक सिस्टम**

अपर बाजार, महावीर चौक की ओर से आनेवाले सभी प्रकार के रिक्शा, दोपहिया व चार पहिया वाहन का नागाबाबा खटाल, जाकिर हुसैन पार्क, किशोरी यादव चौक, शहीद चौक, सुभाष चौक, ग्वाला टोली, श्रद्धानंद रोड, गांधी चौक, रातू रोड गोलचक्कर की ओर से प्रवेश वर्जित रहेगा।

### ब्रीफ न्यूज

#### पुल के नीचे मिला युवक का शव

**रांची** : जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के ओबरिया रोड स्थित स्वर्ण रेखा नदी पर बने पुल के नीचे से एक लगभग 28 वर्षीय युवक का शव बरामद किया गया। शव की फिलहाल पहचान नहीं हो पाई है, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। इस संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि मंगलवार की दोपहर कुछ लोग पुल के नीचे से गुजर रहे थे । इस दौरान उनकी नजर पुल के नीचे युवक के शव पर पड़ी। मामले की जानकारी मिलते ही राहगीरों एवं स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। शव मिलने की जानकारी जगरनाथपुर थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह को दिया गया। मौके पर पुलिस पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास किया। किसी ने भी शव की पहचान नहीं की, क्योंकि युवक के शव का चेहरा को पत्थर से बुरी तरह कुचल दिया गया था और शरीर में भी चोट के निशान थे। युवक की हत्या कर शव को छुपाने के ख्याल से पुल के नीचे फेंक दिया गया हो। पुलिस शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है।

#### नामकुम ओवर ब्रिज के नजदीक मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**रांची** : राजधानी रांची के नामकुम थाना क्षेत्र स्थित नामकुम ओवर ब्रिज के नजदीक से युवक का शव बरामद हुआ है। शव एक पेड़ से लटका हुआ था। आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली है। मृतक युवक का नाम आनंद मींज है और वह सामलौंग का रहने वाला है। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद नामकुम थाने के पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

#### रांची में मेगा ट्रेड फेयर 28 अप्रैल से

**रांची** : रांची में 28 अप्रैल से आठ मई तक मोरहाबादी मैदान में इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर का आयोजन होगा। इसमें झारखंड चेंबर व जीएस मार्केटिंग एसोसिएट्स ने राज्य के व्यापारियों से सहभागिता की अपील की। ट्रेड लाइसेंस के नाम पर व्यापारियों का भयादोहन होने की शिकायतों पर भी चर्चा हुई। निगम की ओर से बहुबाजार चौक स्थित दुकानों को एक सप्ताह में खाली करने के मामले में सरकार से हस्तक्षेप का आग्रह किया गयाा।

#### नक्सल प्रभावित छह जिलों में लगेंगे मोबाइल टॉवर

**रांची** : चतरा, चाईबासा समेत छह जिलों के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड (यूएसओएफ) परियोजना के तहत मोबाइल टॉवर लगाये जाएंगे। इसको लेकर मंगलवार को एडीजी अभियान संबंधित जिले के एसपी के साथ झारखंड पुलिस मुख्यालय में समीक्षा बैठक करेंगे, जिन जिलों के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में मोबाइल टॉवर लगाये जायेंगे, उसमें चतरा, कोडरमा, गिरिडीह, सरायकेला, चाईबासा और गढ़वा शामिल हैं।

#### आंगनबाड़ी केंद्र के नौनिहालों को भी मिलेगी प्री-स्कूल जैसी सुविधाएं

**रांची** : झारखंड सरकार राज्य के आंगनबाड़ी केंद्रों को प्री-स्कूल की सारी सुविधाओं से लैस करेगी। सरकार आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को सशक्त एवं समर्थ बनाने के लिए समेकित रूप से एक नयी योजना आंगनबाड़ी चलो अभियान की शुरू करने जा रही है। अप्रैल ये यह योजना शुरू कर दी जाएगी। महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है।


atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24, Roshpa Roshpa Tower, Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला कारा समिति की बैठक

**संवाददाता, रामगढ़।**

मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला कारा समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

जिला कारा समिति की बैठक के दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा के द्वारा उपकारा रामगढ़ में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली गई। इस दौरान उपायुक्त ने उप कारा रामगढ़ में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों सहित अन्य सुरक्षा उपकरणों, स्वास्थ्य उपकरणों, लाइटिंग आदि के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को कारा का संचालन नियामानुसार सुनिश्चित करने एवं इससे संबंधित प्रतिवेदन ससमय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।


बैठक में उपस्थित उपायुक्त माधवी मिश्रा व अन्य अधिकारी। ● द फोटोन न्यूज

उक्त बैठक के दौरान सचिव डालसा व्यवहार न्यायालय रामगढ़, पुलिस उप अधीक्षक विशेष शाखा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़, कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी सामान्य शाखा, अधीक्षक उपकारा रामगढ़, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, एसएमपीओ सहित अन्य उपस्थित थे।

# ट्रांसपोर्ट नगर सारुबेड़ा में चलाया जनसंपर्क अभियान

**संवाददाता, रामगढ़।**

चेंबर भवन में आगामी 2 अप्रैल 2023 को होने वाले रामगढ़ चैंबर्स आफ कमर्स इंडस्ट्री के कार्यकारिणी समिति के चुनाव को लेकर विनय कुमार अग्रवाल गुटके प्रत्याशियों ने जोरदार तरीके से जनसंपर्क अभियान चलाया।

विनय कुमार अग्रवाल गुट के प्रत्याशियों ने टायर मोड रामगढ़ कॉलेज गेट बिजुलिया सुभाष चौक कुजू ट्रांसपोर्ट नगर सारूबेड़ा घाटो जाकर वहां के व्यापारियों व्यवसायियों चेंबर सदस्यों से मुलाकात की व्यवसायियों के सुख दुख में साथ रहने करने की बात कहते हुए अपने पक्ष में वोट करने की अपील की। वही कुजू ट्रांसपोर्ट नगर, सारूबेड़ा एवं घाटों के व्यवसायियों ने विनय गुट को भारी मतों से विजय बनाने का आश्वासन दिया।

मौजूदा गुटके अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल ने कहा कि रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज पूरे झारखंड के सभी क्षेत्रों में अपना एक अलग स्थान रखता है। यहां के अध्यक्ष पदाधिकारी गण एवं सदस्य व्यापारियों की समस्या के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। इसी का नतीजा है कि रामगढ़ अपने व्यापारियों के हितों की रक्षा कर पा रहा है। व्यापारियों के हर दुख-सुख में उनके साथ खड़ा रहता है।

उन्होंने कहा कि विगत कुछ दिन पहले रामगढ़ चैंबर्स के नेतृत्व में पहली बार बिजली की समस्या एवं राजधानी एक्सप्रेस के ठहराव को लेकर उग्र आंदोलन क्या गया था और आगे भी व्यापारियों की समस्या को लेकर संबंधित विभाग से हम लोग उनकी समस्याओं को जोरदार ढंग से उठाएंगे। वही इस गुट से खड़े प्रत्याशियों ने कहा कि व्यापारियों को विकास के मामले में उपेक्षित नहीं होने दिया जाएगा।

## ब्रीफ न्यूज

### सीडीपीओ व सुपरवाईजर को दिया गया प्रशिक्षण

**रामगढ़** : कुपोषण को दूर करने के उद्देश्य से पोषण ट्रैकर मोबाइल एप्लीकेशन के सफल संचालन के मद्देनजर मंगलवार को समाहरणालय के ब्लॉक बी स्थित सभा कक्ष में बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों एवं महिला सुपरवाइजर्स के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान एनईजीडी की टीम एवं सीनियर न्यूट्रीशनल कंसलटेंट यूनिसेफ श्रीमती अनामिका के द्वारा पोषण ट्रैकर को और भी प्रभावी बनाने एवं वर्तमान में पोषण ट्रैक्टर में जानकारियां अपलोड करने के दौरान आ रही समस्याओं को दूर करने के संबंध में सभी को विस्तार से जानकारी दी गई वहीं सुदूरवर्ती क्षेत्रों में पोषण ट्रैकर मोबाइल एप्लीकेशन का इस्तेमाल कर किस प्रकार से कुपोषित बच्चों की पहचान की जा सकती है व उनकी रियल टाइम मॉनिटरिंग की जा सकती है के संबंध में भी सभी को जानकारी दी गयी।

### गोवर्धन महतो के घर से बाइक की चोरी

**गोला** : प्रखंड के रायपुरा गांव में श्री श्री 1008 हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा सह सात दिवसीय महायज्ञ रायपुरा में 23/ 3 /2023 से लेकर 29/3/2023 तक हो रही है, रात्रि में सहपरिवार प्रवचन एवं जागरण देखने के पश्चात घर वापस आते हैं तो पता चलता है कि घर में गाड़ी चोरी हो गई है, इसी कारण बीते रात 27 दिन 2023 को घर के अंदर से रात्रि लगभग 9 :00 बजे तक गाड़ी गाड़ी का नंबर जेएच02डब्लु-3104 हीरो स्प्लेंडर है और घर से गाड़ी चोरी हो जाती है जब सुबह 28/3/ 2023 को गाड़ी निकालने चाहे तो गाड़ी घर से ही गायब हो हो गई, थाना प्रभारी को आवेदन देकर खोजबीन करने का अपील किया है।

### श्राद्ध कर्म में शामिल हुई विधायक सुनीता चौधरी

**रामगढ़** : विधानसभा की लोकप्रिय विधायक सुनीता चौधरी गोला प्रखंड के कोराम्बे गांव निवासी कुलदीप रजवार पिता के ब्राह्मणभोज मे शामिल हुई। इस मौके पर गोला प्रमुख गीता देवी एवं जिला पार्षद सदस्य सरस्वती देवी, दुलमी जिला परिषद् प्रत्यासी सरिता देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### पिठोरिया में श्री अखंड हरि कीर्तन शुरू

**रांची**: सनातन कीर्तन मंडली के तत्वावधान में धर्मशाला भवन में 24 घंटे का श्री अखंड हरि कीर्तन शुरू हुआ। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी के शुभ अवसर पर आयोजित श्री अखंड हरि कीर्तन का समापन 29 मार्च को प्रात: 9 :00 बजे होगा। श्री हरि अखंड कीर्तन में पिठोरिया गांव के सभी कीर्तन मंडली के साथ महिला कीर्तन मंडल के सदस्य भाग ले रहे हैं। श्री अखंड हरि कीर्तन के आयोजन में राजेश्वर साहू , शिवदास वर्मा प्रेमशंकर केसरी, विश्वनाथ बैठा, सतीश केसरी, अनिल केसरी, राजेंद्र चौरसिया, मुकेश राय, मुकेश केसरी सहित अन्य का योगदान सराहनीय है।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन


प्रतियोगिता में शामिल बच्चे व शिक्षक। ● द फोटोन न्यूज

**रांची** : आदर्श कोचिंग सेंटर के निदेशक अनूप कुमार महतो के द्वारा रामनवमी के पावन अवसर पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर काठीटांड में अरुण कक्षा से नवम वर्ग के छात्र एवं छात्राओं के लिए मूल विषय रामायण पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिशु विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य अजय कुमार द्विवेदी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों के अंदर की प्रतिभा को निखारा जा सकता है एवं रामायण मूल कथ्य के द्वारा मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के गुणों एवं विचारों के प्रति बच्चों को प्रेरित किया जा सकता है। चित्रकला प्रतियोगिता में अनीशा शर्मा, सनी कुमार, साक्षी कुमारी, सरस्वती कुमारी, हंसराज, आशीष उराव, अभय उरांव, उषा कुमारी, आयुष कुमार गुप्ता, परी कुमारी, सपना उरांव, तान्या कुमारी ने अपने अपने ग्रुप में प्रथम स्थान प्राप्त किए। इस अवसर पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के उप प्रधानाचार्य सुनील कुमार साहू, सतीश कुमार, विनय कुमार, कामेश्वर ओझा, वितरंजन ओझा, देवेंद्र महतो एवं मिथिलेश आचार्य इत्यादि उपस्थित थे।

### कुएं से मिला युवक का शव

**मेडिनीनगर** : हुसैनाबाद नगर पंचायत के पंपू कॉल नदी के समीप कुएं से मंगलवार को युवक का शव बरामद किया गया। युवक की पहचान हुसैनाबाद नगर पंचायत के मधुशाला रोड निवासी मनोज पाल (25) के रूप में किया गया। पुलिस शव को अंत: परीक्षण के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है। इस संबंध में मृतक के पिता जितेंद्र पाल ने हत्या का आरोप पुलिस के समक्ष लगाया है। उन्होंने कहा कि सोमवार की सुबह में मेरे पुत्र को किसी ने अगवा कर हत्या कर कुआं में फेका है, जिसकी पुलिस जांच कर मुझे न्याय दिलाएं। हुसैनाबाद पुलिस इस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### डीसी ने खनन टास्क फोर्स की बैठक में दिए कई निर्देश

**लोहरदगा** : उपायुक्त ने समाहरणालय में खनन टास्क फोर्स की बैठक की। उपायुक्त ने अवैध इंट–भट्ठों के संचालन के विरुद्ध कार्रवाई, अवैध रूप से बालू उठाव–परिवहन पर कार्रवाई, अवैध रूप से पत्थर का खनन करनेवालों के विरुद्ध कार्रवाई की समीक्षा की। सभी संबंधित अंचल अधिकारियों को पंचायत स्तरीय बालू घाटों को प्रारंभ कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही निर्देश दिया गया कि पंचायत स्तरीय बालू घाट से निकाले गये बालू का व्यवसायिक उपयोग ना हो। बैठक में बालू के स्टॉक की भी समीक्षा की गई। बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, अपर समाहर्ता समीरा एस, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### सड़क हादसे में पिता-पुत्री की मौत

**मेदिनीनगर** : मेदिनीनगर–औरंगाबाद के मध्य नावाबाजार स्थित चौगावां धाम स्थित एनएच–98 पर मंगलवार सुबह करीब पांच बजे पिकअप वाहन की टक्कर से पिता –पुत्री की मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने एनएच–98 को जाम कर दिया। बताया गया है कि फिरोज खान अपनी पुत्री शमा परवीन (15 ) के साथ चौगोना धाम के पास प्रतिदिन की तरह चना बेचने के लिए जा रहे थे। रास्ते में पिकअप ने दोनों को चपेट में ले लिया। शमा परवीन की घटनास्थल पर मौत हो गई। घायल फिरोज खान को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। नावाबाजार पुलिस ने पिकअप को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। सड़क जाम की सूचना मिलने पर अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाकर जाम खुलवाया। पीड़ित परिवार को सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा राशि देने की घोषणा की गई।

### गिरिडीह में सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत

गिरिडीह : जिले के पीरटांड़ थाना इलाके के गिरिडीह डुमरी रोड के हरलाडीह मोड में सोमवार की देर रात हुए सड़क हादसे में दो बाइक सवार युवकों की मौत हो गई। मृतकों में पीरटांड़ थाना के नवासार निवासी प्रवीण मरांडी और दिलीप मुर्मू हैं। सूचना पर पहुंचे पीरटांड़ थाना प्रभारी दिलशन बिरूआ ने मंगलवार को दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। उन्होंने बताया कि दोनों बाइक सवार युवक बाइक से घर जा रहे थे। इसी दौरान हरलाडीह मोड पर बाइक का संतुलन बिगड़ गया और एक पेड़ से जा टकराई। हादसे में दोनों की मौत हो गयी।

### श्री अग्रसेन स्कूल में आरटीई के तहत नामांकन शुरू

**भुरकुंडा (रामगढ़)**: श्री अग्रसेन स्कूल, भुरकुंडा ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत सत्र 2023–24 के लिए अभिवंचित व कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए निशुल्क नामांकन की घोषणा की है। विद्यालय के प्राचार्य विवेक कुमार प्रधान ने कहा कि जिला शिक्षा पदाधिकारी के निदेर्शानुसार अभिभावक 15 अप्रैल तक आवेदन जमा कर सकते हैं। इस अधिनियम के तहत अभिवंचित व कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए स्कूल के प्रवेश कक्षा में 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित है। उन्होंने कहा कि बच्चों का नामांकन पूरी तरह नि :शुल्क होगा। प्रत्येक कार्यदिवस को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक अभिभावक स्कूल कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं। नामांकन कार्य भी 15 अप्रैल को किया जाएगा।

# शब्द दीप साहित्यिक चैनल का हुआ उदघाटन, 50 से ज्यादा कवि एवं शायर हुए शामिल

**भुरकुंडा (रामगढ़)।**

शब्द दीप साहित्यिक संस्था के तत्वाधान में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नववर्ष एवं बलिदान दिवस के अवसर पर होटल शिवम इन में एक शाम वीर शहीदों के नाम कवि सम्मेलन सह शब्द दीप सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि समाजसेवी विजय मेवाड व कवि सरोज झा झारखण्डी, विशिष्ट अतिथि वार्ड अधिकारी कृति गौरव, गुरुद्वारा प्रधान परमजीत सिंह कारला व जीवन कुमार शामिल हुए।


कार्यक्रम में मौजूद कवि, शायर व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

कार्यक्रम का शुभारंभ गीतकार राकेश नाजुक ने सरस्वती वंदना के साथ किया। मौके पर संस्था के संस्थापक सुदीप संकल्प ने कहा कि शब्द दीप के माध्यम से सभी नवांकुर कवि, शायरों को मंच देने का काम किया जाएगा। शब्द दीप यूट्यूब चैनल अपने मंच से उसे ज्यादा से ज्यादा प्रसारित करेगा। सरोज झा झारखण्डी ने अपनी रचना खुले दिल से यारों मैं यह स्वीकार करता हूं, दीवाना हूं दीवानों से मैं प्यार करता हूं, मुबारक हो उनको ये दुनिया की तिजारत जी मैं पागल हूं मोहब्बत का कारोबार करता हूं। मौके पर चंद्रिका ठाकुर देशदीप, अंशिता सिन्हा सहित दर्जनों कवि, कवियत्रियों ने कविता पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन हजारीबाग कवि अनंत ज्ञान और राकेश नाजुक ने संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विक्रांत मोहन, मनोज विश्वदीप, अमित कुमार, अनिल सिन्हा, शौर्य प्रतीक, किशन आनंद, सचिन कांत झा, गौरव कुमार झा आदि का विशेष योगदान रहा। धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम के संयोजक सुदीप अग्रवाल संकल्प व मनोज विश्वदीप ने किया।

राष्ट्रीय कवि संगम झारखंड प्रांत के प्रांतीय महामंत्री सरोज झा झारखंडी और प्रांतीय संगठन मंत्री राकेश नाजुक ने युवा चित्रकार वैभव शर्मा और कर्णधार के संस्थापक विक्रांत कुमार को विशेष रूप से सम्मानित किया। मौके पर सरोज झा झारखण्डी ने कहा कि राष्ट्रीय कवि संगम सभी रचनात्मक और सृजनात्मक युवाओं को सम्मानित कर उनकी प्रतिभा को निखारने का काम करेगी। मौके पर संस्था के अन्य लोगों ने दोनों को बधाई दी।

# अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के जीएम यूनिट बरका-सयाल की हुई बैठक

## कोयला कर्मियों की समस्याओं से समझौता नहीं : संजय मिश्रा

**भुरकुंडा (रामगढ़)।**

अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के जीएम यूनिट बरका-सयाल की बैठक मंगलवार को जीएम कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता शिवनंदन दास व संचालन कमलेश कुमार ने किया।

बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित यूनियन क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा के देख-रेख में जीएम यूनिट बरका-सयाल के 37 सदस्यीय नई कमेटी का चयन किया गया। मौके पर संजय मिश्रा ने संघ के मजबुती पर बल देते हुए कहा कि मजदूरों को हित सर्वोपरि है। कोयला कर्मचारियों के समस्याओं से यूनियन कभी समझौता नहीं करेगा। हर हाल में मजदूरों की समस्याओं का समाधान होगा।



बैठक में उपस्थित संघ के लोग। ● द फोटोन न्यूज

उन्होंने कहा कि मजदूरों की समस्याओं के समाधान के लिए यूनियन हर आंदोलन व संघर्ष को तैयार रहेगी। मिश्रा ने जीएम यूनिट के नई कमेटी के पदाधिकारियों को फल माला पहनाकर जोरदार स्वागत करते हुए बधाई दी। साथ ही आशा व्यक्त की है कि यह जीएम यूनिट में नंबर वन यूनियन बनकर उभरेगी।

जीएम यूनिट कमेटी में अध्यक्ष शिवनंदन दास, उपाध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ पिन्कू सिन्हा, सुरेंद्र कुमार, सोनू कुमार, सुरेश खरवार व सतीश कुमार तिवारी, सचिव कमल सिंह, सह सचिव कमलेश कुमार, शेखर सरकार, गोराचन्द्र साव, बिरेंद्र व महेंद्र मुंडा, सह संगठन सचिव अभिषेक शर्मा, मुकेश कुमार यादव, चन्द्रदीप चैधरी, सुनिता व लक्खी उरांव, कोषाध्यक्ष साहिल कुमार, सह कोषाध्यक्ष आशीष कुमार चैधरी सहित कार्यकारिणी में 17 सदस्यीय टीम शामिल है। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष गुरूदयाल ठाकुर, क्षेत्रिय महासचिव विकास कान्त सिन्हा व धर्मेंद्र मिश्रा मौजूद थें।

# सीयूईटी परीक्षा सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित छात्रों को नुकसान पहुंचाएगी : अमन अहमद

**संवाददाता, रांची।**

मंगलवार को एनएसयूआइ (कोंग्रेस छात्र संघ) कार्यकारी जिलाध्यक्ष अमन अहमद ने सीयूईटी परीक्षा पर अपना मंतव्य देते हुए कहा की इससे बच्चों पर एक और कोचिंग करने का बोझ बढ़ेगा। यह परीक्षा सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित छात्रों को नुकसान पहुंचाएगा। आमतौर पर 10वीं के बाद से ही बच्चे मेडिकल, इंजीनियरिंग, सी.ए आदि टेस्ट की प्रिपरेशन में जुट जाते हैं, इनमें से कई बच्चे केंद्रिय विश्वविद्यालयों में नामांकन लेने को भी एक विकल्प के तौर पर रखते हैं।


अमन अहमद। ● द फोटोन न्यूज

ऐसे में उन्हें अब सीयूईटी निकालने के लिए एक और कोचिंग लेनी की आवश्कता होगी। कई कोचिंग सेंटर ने तो इसके लिए प्रोग्राम शुरू भी कर दिए हैं। इसके अलावा इस साल की सीयूईटी में वो बच्चे एपीयर होंगे, जिनकी 11वीं और 12वीं कोरोना काल में हुई है।

ऑनलाइन या अलग-अलग तरीकों से हुई पढ़ाई ने उनकी परफॉर्मेंस पर असर डाला है। ऐसे में उन पर एक और एग्जाम का बोझ डालना गलत है। बेहतर होता कि सरकार ऐसी परीक्षा के लिए कम से कम 1 से 2 साल पहले घोषणा करती और फिर इसे लागू करती।

# रांची : शिक्षकों के लिए एक दिवसीय क्षमता विकास कार्यक्रम का आयोजन

**संवाददाता, रांची।**

डीएवी कपिलदेव पब्लिक स्कूल कडरू में आज शिक्षकों के लिए एकदिवसीय क्षमता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीबीएसई और डीएवी सीएई के तत्वावधान में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में डीएवी कपिलदेव पब्लिक स्कूल कडरू के शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के संयोजक डीएवी सिल्ली के प्राचार्य ए के मिश्रा ने इस अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षकों से अनुरोध किया कि वे सभी बच्चों से अपने बच्चों की तरह बर्ताव करें। मौके पर उपस्थित डीएवी कपिलदेव और डीएवी हेहल के प्राचार्य एम के सिन्हा ने कहा कि शिक्षकों में अनुशासन हो तो बच्चों में स्वतः अनुशासन आता है। उन्होंने शिक्षकों से प्रत्येक दिन कम से कम एक घंटा पढ़ने की सलाह दी।



पुष्प गुच्छ देकर अतिथि का स्वागत करते हुए। ● द फोटोन न्यूज

विषय विशेषज्ञ यू के मिश्रा और ज्योति श्रीवास्तव ने विभिन्न कार्य कलापों के माध्यम से एक्सपेरिएंसियल लर्निंग के बारे में बताया। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ शिक्षक नागेंद्र झा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# रामगढ़ में निकला मंगला जुलूस, लोगों ने दिखाई राम भक्ति

**संवाददाता, रामगढ़।**

रामनवमी से पहले मंगलवार को रामगढ़ में भव्य मंगला जुलूस का आयोजन किया गया। आस्था में डूबे लोगों ने ऐसी राम भक्ति दिखाई कि हर तरफ जय श्रीराम के नारे गूंजने लगे। शहर के सिद्धू कान्हो मैदान से शुरू हुआ यह जुलूस पूरे शहर का भ्रमण कर फुटबॉल ग्राउंड पहुंचा। जुलूस में जिले के हर कोने से हाय राम भक्तों ने अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन किया। इस जुलूस में गोला, चितरपुर, कुजू, सांडी, अरगड्डा, पतरातू, भुरकुंडा से आए लोगों ने शिरकत किया।

जुलूस में रामगढ़ और हजारीबाग के कई दिग्गज नेता भी शामिल हुए। बाजार टांड़ में सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी इस जुलूस में शामिल हुए। यहां रामनवमी महासमिति की पदाधिकारियों ने सांसद को पगड़ी और अंग वस्त्र के साथ-साथ तलवार देकर सम्मानित किया। इसके बाद परंपरागत अस्त्र और भगवा झंडे के साथ चंद्रप्रकाश चौधरी जुलूस में शामिल हुए। कानपुर से आए कलाकार राम, लक्ष्मण, जानकी और हनुमान की भूमिका में आए नजर



मंगला जुलूस में एक तरफ भक्ति गानों पर अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन करते लोग थे, तो दूसरी तरफ कानपुर के कुछ कलाकार राम, लक्ष्मण, जानकी और हनुमान की भूमिका में भी नजर आए। उनकी वेशभूषा ऐसी थी कि वे खुद ही लोगों के आकर्षण का केंद्र बन गए। उन कलाकारों के साथ जुलूस में शामिल लोग अपनी तस्वीर खिंचवाते हुए नजर आए।

## भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल क्षेत्रों में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ चैती छठ महापर्व

# छठव्रतियों ने उदयीमान सूर्य को दिया अर्घ्य, प्रसाद का हुआ वितरण

**भुरकुंडा (रामगढ़)।**

भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल आससपास के ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धा भक्ति का महापर्व चैती छठ इस वर्ष भी भक्तिभाव से संपन्न हो गया। निर्जला उपवास पर रहीं छठव्रतियों ने चार दिवसीय चैती छठ महापर्व के चैथे दिन मंगलवार को तड़के सुबह सूप दउरा में प्रसाद, धूप, अगरबती, नारियल व फल-फूल सजाकर छठ घाटों पर पहुंची। जहां उद्यीमान भगवान सूर्य को द्वितीय अर्घ्य अर्पित की। दोनों समय अर्घ्य अर्पित करने से पहले छठव्रती आधे शरीर पानी में रहकर छठ मां, भगवान सूर्य की पूजा अराधना की।


उदयीमान भगवान सूर्य को अर्घ्य देती छठव्रती। ● द फोटोन न्यूज

छठ महापर्व पर अर्घ्य अर्पित करने के लिए छठ घाटो पर भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। मंगलवार को अर्घ्य अर्पित करने के बाद छठव्रती छठ का प्रसाद सेवन कर पारण किए। चैती छठ महापर्व पर कोयलांचल में जगह जगह छठ महापर्व के गीत बज रहे थें, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय दिखा। वहीं नलकारी नदी छठघाट स्थित छठमाता मंदिर, भगवान सूर्य, मां गंगा मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है। पूजा के दौरान दोनों समय कई जगहों पर स्टॉल लगाकर समाजसेवी संस्थानों द्वारा दूध, अरगबती, नारियल आदि पूजन सामग्री का भी वितरण किया गया।

# नवपत्रिका प्रवेश के साथ मां दुर्गा की आराधना शुरू, निकाली गई कलश यात्रा

**संवाददाता, कुजू।**

मां दुर्गा के महास्नान को लेकर मंगलवार को श्री श्री सार्वजनिक चैत्र दुर्गा पूजा समिति प्राचीन शिव- दुर्गा मंदिर कुजू द्वारा मां की डोली लेकर कलश यात्रा निकाली गयी। इस दौरान यात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर ढोल नगाड़ा के साथ कुजू बड़ा छठ तालाब पहुंची. यहां पंडित भैरव गांगुली, कंचन चक्रवर्ती, धीरेन मुखर्जी, विराज पंडा, गौरव पंडा के द्वारा माता का महास्नान कराया गया। जहां पर माता स्वरूप केले के पौधे का विधि-विधान से पूजन किया गया।

इसके बाद सभी लोगों ने जल तथा केले के पौधे को लेकर मंदिर परिसर में प्रवेश किया. मंदिर पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने शंख बजाकर और ढाक व घंटे की मंगलध्वनि के साथ मां का स्वागत किया बाद में सप्तमी को लेकर नवपत्रिका प्रवेश, कलश स्थापना, आंखीदान, प्राण प्रतिष्ठा सहित कई धार्मिक अनुष्ठान कराया गया। इस मौके पर पूजा समिति के सदस्यगण, ग्रामीण सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।


कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। ● द फोटोन न्यूज

# इमामगंज में दो धमाकों के बाद पहुंची पुलिस, एक-एक किलो के 4 जिंदा बम बरामद

**गया** में मंगलवार की अहले सुबह एक स्कूल के पास दो धमाका हुआ। घटना अति नक्सल प्रभावित इमामगंज प्रखंड की है। इमामगंज थाना से 600 मीटर दूर स्थित डीएसपी स्कूल के पास धमाका हुआ। रात करीब दो बजे एक के बाद एक धमाके हुए। आवाज से लोग दल गए। लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से 4 जिंदा बम बरामद किए। एक बम का वजन एक किलो के करीब है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि करीब दो बजे रात में अचानक से डीएसपी स्कूल के पास से एक-एक कर दो बमों के विस्फोट होने की जबर्दस्त आवाज मिली। किसी अनहोनी की आशंका को देख बहुत देर तक लोग घरों के अंदर ही दुबके रहें। घटना की सूचना इमामगंज पुलिस को दी गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस से घटना स्थल




से चार बम बरामद कर लिए। चारों बम थोड़ी दूरी पर पड़े हुए थे। बरामद किए गए हर एक बम का वजन करीब एक किलो के करीब है। इधर थानाध्यक्ष उदय शंकर ने बताया कि इस मामले की सूचना मिलने पर पुलिस देर रात ही घटना स्थल पर पहुंची थी। पुलिस ने मौके से चार बम बरामद किए हैं। घटना की छानबीन की जा रही है। यही नहीं घटनास्थल के आसपास का सीसीटीवी फुटेज पता कर घटना के साक्ष्य व सुराग पता किए जा रहे हैं। इधर संबंधित मामले में डीएसपी मनोज राम से लगातार दो बार संपर्क किया गया लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

# शख्स ने अपने ही भाई भाभी भतीजी पर किया हमला

**औरंगाबाद** में आपसी विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई, जिसमें तीन लोग घायल हो गए। घायलों में पति-पत्नी व बेटी शामिल है, जिसके बाद सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा उपचार किया जा रहा है। दरअसल यह घटना सोमवार की रात मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के खडीहा गांव में घटित हुई है। वहीं दरवाजे के बाहर सामान रखने को लेकर अपने ही भाई ने रॉड व चाकू से भाई, भाभी व भतीजी पर हमला कर दिया। घायलों की पहचान उसी गांव निवासी अजय सिंह, अजय सिंह की पत्नी सरोज देवी, बेटी राधा कुमारी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार परिवार में बटवारा हो चुका है। अपने-अपने हिस्से में लोग अपने सामान की रखरखाव कर रहे थे। शाम में सरोज देवी अपने दरवाजे के बाहर कुछ सामान रख रही थी। तभी देवर संजय सिंह सामान



रखने को मना किया, जिसके बाद दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गयी। धीरे-धीरे मामला तूल पकड़ लिया। तभी अचानक संजय सिंह, सरोज का गला दबाने लगा। गला दबाते देख घर से पति और बेटी बचाने के लिए दौड़कर आए, जिसके बाद संजय सिंह, संजय सिंह की पत्नी दया देवी, सुजीत कुमार सिंह लाठी डंडे, रॉड व चाकू से हमला कर दिया। जिसमें तीनो घायल हो गए। इस घटना के बाद ग्रामीणों के माध्यम से दोनो पक्षों को अलग किया गया और मुफ्फसिल थाना लाया गया। जहां से सभी को इलाज के लिए चौकीदार के द्वारा सदर अस्पताल भेजा गया जहां चिकित्सकों द्वारा उपचार किया जा रहा है। वहीं इस सम्बंध में दूसरे पक्ष वालों का कहना है कि जिस जगह सामान रखा जा रहा था वह हमारा है। उसी पर जबरदस्ती रखा जा रहा था। मना करने पर मारपीट की घटना घटी। हालांकि इस सम्बंध में मुफ्फसिल थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि खडीहा गांव में आपसी विवाद में मारपीट की सूचना मिली है। घायलों के द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है। फिलहाल सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। इसके बाद जांच पड़ताल कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# वैशाली में कब्रिस्तान के पास से 92 कार्टन शराब बरामद




**वैशाली** जिले के पातेपुर के रमौली कब्रिस्तान के पास गुप्त सूचना के आधार पर पातेपुर थाने की पुलिस ने एक कंटेनर में लोड में 92 कार्टून विदेशी शराब जब्त किया गया है, जिसकी कीमत ₹10 लाख बताई जा रही है। वहीं गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पातेपुर पुलिस ने रमौली कब्रिस्तान के समीप से एक कंटेनर में लोड विदेशी शराब, एक बाइक को जब्त किया है। वहीं मौके से कंटेनर के उप चालक को गिरफ्तार किया है, जबकि कंटेनर का चालक, बाइक चालक सहित धंधेबाज मौके से भागने में सफल रहा। पुलिस गिरफ्तार उप चालक से पुछताछ कर रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष शिवेंद्र नारायण सिंह ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के रमौली कब्रिस्तान के पास शराब की बड़ी खेप कंटेनर से डिलीवरी करने के लिए लाई गई है। सुचना मिलते ही पुलिस जवानों के साथ उक्त स्थल पर पहुंचे तो पुलिस को देखकर धंधेबाज मौके से भाग निकले। मौके पर से एक कंटेनर, एक बाइक को जब्त कर थाने लाया गया। कंटेनर से करीब 10 लाख से अधिक मूल्य का 92 कार्टन विदेशी शराब बरामद हुआ। मौके से गिरफ्तार कंटेनर के उप चालक से पुछताछ की जा रही है। वहीं कंटेनर मालिक, बाईक मालिक एवं शराब धंधेबाज को चिन्हित कर पुलिस के स्तर से कार्रवाई की जा रही है। शराब धंधेबाजों की गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस छापेमारी शुरू कर दी है।

# भागलपुर में मद्य निषेध विभाग का खुला सेंटर

मद्य निषेध एवं उत्पाद निबंधन विभाग हबीबपुर थाना के पास ग्रुप सेंटर तीन का उद्घाटन किया गया। यहां पर उत्पाद विभाग के एक सौ सिपाहियों की रहने की व्यवस्था की गई है। लेकिन अभी तत्काल 74 सिपाही यहां पर रहेंगे। जो भागलपुर, पूर्णिया और मुंगेर जिला में जाकर शराब के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। डीएम ने बताया कि उत्पाद विभाग के द्वारा यहां पर ग्रुप सेंटर हो जाने के कारण इसका लाभ सिर्फ भागलपुर ही नहीं आसपास के जिलों को भी होगा और यहां के सिपाही दूसरे जिलों में भी जाकर कार्रवाई करेंगे। ताकि शराब की बिक्री पर रोक लग सके। विभाग को पहले छापेमारी के लिए दूसरे फोर्स पर निर्भर रहना पड़ता था। लेकिन अब खुद के फोर्स को लेकर छापेमारी कर पाएंगे। पूर्व में दूसरे से सहयोग लेने में कई बार छापेमारी में विलंब भी हो जाती थी। लेकिन अब अलग अलग टीम खुद का होगा। जो सिर्फ भागलपुर ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों में जाकर भी छापेमारी करेंगे। मद्य निषेध विभाग के डीएसपी के द्वारा मॉनिटरिंग की जाएगी। आपको बता दें कि भागलपुर, मुंगेर, बेगूसराय सहित कोशी क्षेत्र का भी मोनिटरिंग की जाएगी। इससे शराब के विरुद्ध कार्रवाई करने में आसानी होगी। इसके साथ ही उसके बैकवर्ड लिंकेज पर भी काम करने में आसानी होगी। इस भवन का उद्घाटन जिलाधिकारी, एसएसपी व एसडीएम ने किया। जिलाधिकारी ने बताया कि अभी 76 सिपाही हैं। 24 और लाए जाएंगे। कुल 100 सिपाही यंहा पर रहेंगे। अभी यह भवन भाड़े के बिल्डिंग में है। सुब्रत सेन ने बताया कि अगर विभाग का आदेश होगा तो इन्हें अपना भवन भी मिल जाएगा।

# लालू की गोद में पोती, साथ में दादी राबड़ी



**बिहार** के पूर्व सीएम लालू यादव दादा बन गए हैं। अपनी पोती को गोद में लिए उनकी तस्वीर सामने आई है। साथ में दादी राबड़ी देवी भी हैं। लालू यादव और राबड़ी देवी हॉस्पिटल में बेटे तेजस्वी और बहू राजश्री के संग दिखे। पोती को गोद में लेने की तस्वीरें लालू ने अपने ट्विटर पर शेयर की हैं। लालू प्रसाद ने लिखा- अपने बच्चे के बच्चे को प्रथम बार गोद में लेना अद्भुत, रोमांचक, सुखद और मंत्रमुग्ध करने वाला पल होता है। उन्होंने इससे पहले एक और ट्वीट किया। जिसमें लिखा- कभी-कभार अनुभूति होती है कि नाती-पोती आपकी आत्मा का भी थोड़ा सा हिस्सा आपसे ले लेते हैं। डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव पिता बन गए हैं। तेजस्वी ने अपनी बेटी की पहली तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की।जिसमें उसका चेहरा दिख रहा है। हॉस्पिटल में बेड पर पत्नी राजश्री के बगल में उनकी बेटी है। वहीं पास ही डिप्टी सीएम बैठे हैं, जो अपनी बेटी को लाड करते दिख रहे हैं। उसका चेहरा अपने पापा से मिलता है। इससे पहले तेजस्वी यादव ने सुबह 9 बजकर 53 मिनट पर बच्चे की फोटो के साथ ट्वीट करते हुए लिखा ईश्वर ने आनंदित होकर पुत्री रत्न के रूप में उपहार भेजा है। तेजप्रताप यादव ने इस खुशी में विधानसभा में लड्डू बांटे। इससे पहले उन्होंने ट्विटर पर लिखा कि नवरात्र के इस पावन अवसर पर हमारे परिवार में नए सदस्य का आना इस बात का शुभ संकेत है कि शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा ने अपना आशीर्वाद दिया है.अब सारी परेशानियां जल्द दूर होंगी.मेरे अर्जुन को पुत्री धन प्राप्ति पर ढेरों बधाई इसके साथ ही छोटी बुआ रोहिणी ने भी तेजस्वी और बच्ची की फोटो के साथ एक के बाद एक 2 ट्वीट किए हैं।

# हॉलीवुड मूवी की रेटिंग के नाम पर ठगे 14.34 लाख

**पटना** में साइबर ठगी का एक नया तरीका सामने आया है। शातिर साइबर अपराधी हॉलीवुड मूवी के रेटिंग और रिव्यू के नाम पर लोगों को मुनाफा कमाने का झांसा दे रहे हैं। इसके लिए सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म पर ग्रुप बना रहे हैं। लोगों को उनसे जोड़ रहे हैं। फिर उन्हें ऑडियो व वीडियो का रिव्यू करने, लाइक करने और रेटिंग करने पर रुपए कमाने का झांसा देते हैं। इसके बाद रुपयों की ठगी के गायब हो जाते हैं। शातिरों के इस जाल में पटना के रहने वाले एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर रौनक (बदला हुआ नाम) फंसे हैं। उनसे 14.34 लाख रुपए शातिर अपराधियों ने ठग लिए हैं। साइबर अपराधी ठगी के अपने इस नए खेल को सोशल मीडिया के टेलीग्राम और व्हाट्सएप प्लेटफॉर्म से खेल रहे हैं। ग्रुप में लोगों को जोड़ने के बाद मुनाफा कमाने का झांसा देते हैं। शुरूआत में विश्वास पाने के लिए ग्रुप मेम्बर्स को कुछ मुनाफ भी देते हैं। लेकिन, इसके बाद ही झांसा देकर रुपयों की ठगी कर लेते हैं। कंकड़बाग के रहने वाले सॉफ्टवेयर इंजीनियर इसी जाल में फंसे हैं। उन्हें हॉलीवुड मूवी की रेटिंग और रिव्यू करने पर मुनाफा देने का झांसा दिया गया था। शातिरों ने सॉफ्टवेयर इंजीनियर से कुल 14 लाख 34 हजार 936 रुपए की ठगी की है। इस मामले में शिकायत कंकड़बाग थाना में की है। साथ ही आर्थिक अपराध इकाई को भी पूरे मामले की जानकारी दी है। सॉफ्टवेयर इंजीनियर के अनुसार उन्हें शातिरों ने कुछ दिनों पहले टेलीग्राम पर मैसेज किया था। पार्ट टाइम नौकरी का ऑफर दिया था। इंजीनियर को भी लगा कि काम करके रुपए कमाने में कोई दिक्कत नहीं है। वो भी मैसेज के जरिए शातिर से बात करने लगा। शातिरों ने उन्हें ऑफर दिया कि हॉलीवुड मूवी के रिव्यू करने पर एक दिन में 3 हजार रुपए तक कमाने का झांसा दिया।

## बाबा अमर सिंह मंदिर में देश विदेश से पहुंचते

**समस्तीपुर** जिला मुख्यालय से 40 किलोमीटर दक्षिण यानी पटोरी थाना क्षेत्र में शिवरा गांव है, जहां हर साल चैत्र रामनवमी और सावन के पवित्र माह में निषादों का राष्ट्रीय तीर्थ स्थल बाबा अमर सिंह स्थान देश-विदेश से श्रद्धालु आकर दुधाभिषेक करते हैं। वहीं अब सवाल यह है कि इस मेले की ऐसी क्या खासियत है कि देश-विदेश से आकर श्रद्धालु मन्नत मांगते हैं और मन्नत पूरी होने पर सोने की नाव वाली कुएं में सिक्का गिराते है और मंदिर परिसर में अभिषेक करते हैं। बाबा अमर सिंह का उद्गम यमुना नदी में एक निषाद महिला द्वारा तोड़े गए कमल फूल से हुआ था। बुजुर्गों की माने तो गंगा में जब विनाशकारी बाढ़ आई थी

# उदीयमान भगवान सूर्य के अर्घ्य के साथ चार दिवसीय छठ पर हुआ संपन्न



**औरंगाबाद।** लोक आस्था लोक उपासना एवं लोक संस्कृति के महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान मंगलवार की सुबह 6:00 बजे उदीयमान भगवान भास्कर के आर्य के साथ संपन्न हो गया भगवान भास्कर की नगरी देव स्थित सूर्य कुंड एवं रुद्र कुंड तालाब में देश के विभिन्न राज्यों से आए लाखों श्रद्धालुओं ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर अपने अनुष्ठान को पूर्ण किया।चार दिवसीय अनुष्ठान को निर्विघ्न संपन्न करने एवं देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालुओं को पर्व के दौरान किसी कठिनाई का सामना ना करना पड़े इसको लेकर जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं एसपी स्वप्ना जी मेश्राम के नेतृत्व में देव के पूरे परिसर में दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। जो कदम कदम पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ख्याल रख रहे थे। इसके अलावे सामाजिक कार्यकर्ता, स्काउट गाइड एवं एनसीसी कैडेट प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ अनुष्ठान को निर्विघ्न संपन्न करने में तत्पर दिखे। जिलाधिकारी एवं एसपी ने अनुष्ठान के सफलतापूर्वक संपन्न हो जाने पर जिले के समस्त पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकताओं, स्काउट गाइड एवं एनसीसी कैडेट्स के द्वारा मेला परिसर में निस्वार्थ दी गई सेवाओं के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## समस्तीपुर में महिला की पीटकर हत्या

**समस्तीपुर** जिले के मोहिउद्दीननगर थाना क्षेत्र के सिवैसिंगपुर गांव में सोमवार रात एक महिला की पीटकर हत्या कर दी गई। महिला की पहचान गांव के पवन गिरी की पत्नी बबीता देवी के रूप में की गई। घटना के पीछे जमीनी विवाद कारण बताया जा रहा है। जानकारी के बाद मौके पर पुलिस पहुंच कर छानबीन में जुट गई है। घटना के संबंध में बताया गया है कि बबीता देवी रात करीब 11:30 बजे मोबाइल पर अपने पति से बातचीत कर रही थी। इसी दौरान उसका पाटीदार धीरज कुमार जिससे करीब 2 सालों से जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था, अचानक उसके घर में घुस आया। फिर बबीता देवी पर घर में रखे लोरी से वार कर दिया, जिस कारण उसका सिर गंभीर रूप से कुचल गया। शोर होने पर जब आसपास के लोग जुटे तो बबीता को मोहद्दीनगर पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर, घटना को अंजाम देने के बाद धीरज मौके से फरार हो गया। मृतक की पुत्री सपना का आरोप है कि वह अपनी मौसी के यहां थी। देर शाम धीरज ने उसे फोन कर कहा कि तुम मोहिउद्दीन नगर पहुंचो, जब उसने आने से इनकार किया तो वह बताया कि उसके पास बुलाने का और भी तरीका है। पहले वह उसकी मां को मारेगा फिर उसकी छोटी बहन की भी हत्या कर देगा। बच्ची का आरोप है कि पिछले 2 सालों से जब भी उसकी मां जमीन बंटवारे की बात करती थी।

# यूट्यूबर मनीष कश्यप को रिमांड पर लेगी तमिलनाडु पुलिस

**यूट्यूबर** मनीष कश्यप की मुश्किलें बढ़ती दिख रही है। तमिलनाडु पुलिस मनीष को रिमांड पर लेगी। इसके लिए पटना सिविल कोर्ट में आवेदन दिया गया है। तमिलनाडु पुलिस ने 14 दिनों की रिमांड मांगी है। संभावना जताई जा रही है कि तमिलनाडु पुलिस के आवेदन पर आज सुनवाई हो सकती है। मनीष कश्यप के खिलाफ तमिलनाडु के कृष्णागिरी और बरगुर थाने में केस दर्ज है। मनीष कश्यप पर तमिलनाडु में प्रवासी बिहारी मजदूरों पर हमले का फेक वीडियो बनाने और उसे वायरल करने का आरोप है। पटना में मनीष के खिलाफ आर्थिक अपराध इकाई ने तीन केस किए हैं। पिछले 5 दिनों से मनीष कश्यप लगातार एडव के रिमांड पर था। पहले वो महज एक दिन के रिमांड पर जांच एजेंसी को सौंपा गया था। पर डिटेल पूछताछ नहीं हो पाने के कारण जांच एजेंसी ने उसकी रिमांड की अवधि बढ़ाने की मांग की थी। इसके बाद ही कोर्ट ने फिर 4 दिन के लिए दोबारा रिमांड पर देने का आदेश दिया। कल एडव ने दोबारा रिमांड की अपील नहीं की थी। जिसके बाद कल सोमवार को उसे फिर से जेल भेज दिया गया था। तमिलनाडु पुलिस ने मनीष कश्यप को रिमांड पर लेने की तैयारी कर ली है। संभावना है कि रिमांड मिलते ही तमिलनाडु पुलिस अपने साथ ले जाएगी। तमिलनाडु में भी मनीष कश्यप के ऊपर दो FIR दर्ज है। मनीष कश्यप के खिलाफ तमिलनाडु के कृष्णागिरी और बरगुर थाने में केस दर्ज है। इधर मनीष के पार्टनर और 'सच तक' कंपनी के डायरेक्टर मणि द्विवेदी पर भी EOU का शिकंजा कसता जा रहा है। उसके फ्लैट से आर्थिक अपराध इकाई (EOU) ने 3 रजिस्टर और 2 चिप कार्ड बरामद किया है। जिसे जांच एजेंसी ने जब्त कर लिया है। बरामद किए गए रजिस्टर में रुपयों के लेन-देन का हिसाब लिखा हुआ है। अब इस रजिस्टर को एडव की टीम काफी बारीकी से जांच करेगी। रुपयों का लेनदेन कब, क्यों और किसके साथ किए गए? इसकी पड़ताल होगी। सोमवार को एडव की तरफ से इसकी पुष्टि की गई है। वहीं, जब्त किए गए चिप कार्ड को भी खंगाला जाएगा। इस बात की



पड़ताल की जाएगी कि कार्ड के अंदर क्या-क्या रखा हुआ है? कहीं कोई वीडियो तो नहीं है? इसके अलावा कुछ और डॉक्यूमेंट्स भी फ्लैट से जब्त किए गए हैं। मणि द्विवेदी अब भी फरार है। जांच एजेंसी को उसकी तलाश है। इसके मिलने कई नई बातें सामने आ सकती हैं। सबूत जुटाने के लिए टीम ने रविवार को महेश नगर के रोड नंबर जीरो स्थित पूजा अपार्टमैंट के इ ब्लॉक फ्लैट नंबर 201 में छापेमारी की थी।

# मुजफ्फरपुर में यूट्रस के ऑपरेशन में काट दी यूरिन पाइप

**मुजफ्फरपुर** में एक महिला यूट्रस ऑपरेशन कराने निजी नर्सिंग होम पहुंची। नर्सिंग होम के डॉक्टर ने यूट्रस के बदले यूरिन नली काट दी। महिला की स्थिति बिगड़ती देख डॉक्टर ने समस्तीपुर रेफर कर दिया। यहां महिला को डॉक्टर की गलती पता चला। इसके बाद पीड़ित महिला के परिजनों ने बरियारपुर ओपी में शिकायत दर्ज कराई है। घटना सकरा के बरियारपुर ओपी क्षेत्र के बहादुरपुर गांव की है। यहां 'श्रीद्धि सेवा सदन' नामक नर्सिंग होम है। इस नर्सिंग होम में महिला ने यूट्रस का ऑपरेशन कराया था। परिजनों की शिकायत के बाद से नर्सिंग होम के डॉक्टर और स्टाफ फरार है। बता दें कि करीब 7 माह पहले इसी इलाके में शुभ कांत क्लिनिक में डॉक्टर ने महिला की किडनी निकाल ली थी। पीड़ित महिला समस्तीपुर जिले के भागवतपुर मुसरीघरारी निवासी दीपक सहनी की पत्नी है। परिजनों ने बताया कि करीब 3 महीने से पीड़ित महिला का मेडिकल टेस्ट और बाकी इलाज श्रीद्धि सेवा सदन में चल रहा था। डॉक्टर ने महिला को यूट्रस ऑपरेशन की सलाह दी। डॉक्टर ने कहा था कि ऑपरेशन के बाद ही पेट का दर्द ठीक होगा। इस पर परिजन ऑपरेशन के लिए तैयार हो गए। ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति बिगड़ने लगी। इससे परिजन आक्रोशित होकर हंगामा करने लगे। स्थानीय लोगों ने किसी तरह समझा-बुझाकर मरीज को पहले बाहर दिखाने की सलाह दी। इसके बाद महिला को उसके परिजन समस्तीपुर लेकर चले गए। यहां एक निजी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। पीड़िता की मां देवंती देवी ने श्रीद्धि सेवा सदन के संचालक और डॉक्टर समेत अन्य कर्मियों के खिलाफ बरियारपुर ओपी में शिकायत की है। बरियारपुर ओपी के सब इंस्पेक्टर चांदनी कुमारी सांवरिया ने कहा कि एक महिला की ओर से शिकायत मिली है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में कर आगे की कार्रवाई करेगी। घटना के बाद नर्सिंग होम के डॉक्टर और स्टाफ फरार है। नर्सिंग होम के बाहर ताला लटका



हुआ है। बाहर लगे बोर्ड पर रजिस्ट्रेशन नंबर भी नहीं दिखा है। मामले पुलिस ने सिविल सर्जन को एक पत्र लिखा है, ताकि स्वास्थ्य विभाग की ओर से जांच कराई जाए। मुजफ्फरपुर में शुभ कांत क्लिनिक में डॉक्टर ने महिला की किडनी ही निकाल ली। महिला पेट दर्द की शिकायत लेकर पहुंची थी।

# व्रतियों ने उगते सूर्य को दिया अर्घ्य; छठ के गीतों से गूंजे घाट



उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही मंगलवार को चार दिवसीय चैती छठ महापर्व संपन्न हो गया है। इस दौरान छठ व्रतियों ने 36 घंटों तक निर्जला उपवास रखकर भगवान भास्कर की आराधना की और सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। चार दिनों तक चलने वाले इस महापर्व को काफी उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान घाटों पर छठ के गीत गूंजे। पटना, बेतिया, समस्तीपुर, औरंगाबाद, मोतिहारी समेत बिहार के सभी जिलों में सोमवार और मंगलवार को घाट पर छठव्रतियों की भीड़ जुटी। मंगलवार को तो तड़के करीब 3 बजे से ही छठ व्रती के अलावा श्रद्धालुओं की भीड़ नदी किनारे पहुंचने लगी थी। समस्तीपुर में बूढ़ी गंडक नदी किनारे दोनों और 2 दर्जन से अधिक घाटों पर लोगों ने उगते हुए सूरज को अर्घ्य दिया।

# युवक को बाइक सवार बदमाशों ने रोका, नंबर डायल करने के बहाने फोन लेकर भागे



**भागलपुर** के बबरगंज थाना क्षेत्र में हथियार के बल पर आईफोन सहित दो फोन लूट लिया गया। बताया जा रहा है कि माणिकपुर के रहने वाले आदित्य व शिवम दोनों कमल नगर से अपने घर मानिकपुर जा रहा था। तभी बाइक सवार दो अपराधी पहुंचे व मोबाइल से बात कराने को कहा। तीन - चार नम्बर को डायल कराया और फिर फोन देने से इनकार कर दिया। मांगने पर दूसरे अपराधी ने हथियार निकालकर सटा दिया। जो भी पास में था देने को कहा- और फोन लूटकर चले गए। मौके पर पुलिस पहुंच कर मामले की छानबीन कर रही है। बदमाशों ने पॉश इलाके में लूट की घटना को अंजाम दिया गया। आपको बता दें कि भागलपुर में चोरी व लूट की घटना बढ़ गई है। जिले में लगातार इस तरह की घटना घटित हो रही है। पेट्रोल पंप कर्मी से भी लूट की घटना को अंजाम दिया गया है। अभी प्रशासन इसकी गुत्थी भी नहीं सुलझा पाई थी। इधर फिर लूट की घटना को अंजाम दिया गया। मौके पर पुलिस पहुंच कर मामले की जांच कर रही है। आसपास में लगे CCTV फुटेज को भी खंगाला जा रहा है। आशंका जताई जा रही है कि नशीले पदार्थ का सेवन करने वाले अपराधी ने लूट की घटना को अंजाम दिया होगा। पुलिस आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर रही है।

## विरोध का रंग

काले कपड़े पहनकर या काली पट्टी बांधकर विरोध करना भारतीय राजनीति के लिए कोई नई बात नहीं है। इस तरीके से विपक्षी दल विरोध की राजनीति में हमेशा से एक अलग रंग भरते रहे हैं। ऐसे प्रदर्शनों से विरोध में एक तरह की नाटकीयता जुड़ती है, जिससे मीडिया में ज्यादा सुर्खियां भी मिल जाती हैं। हालांकि, पूरी राजनीति ही जब सुर्खियां बटोरने की कवायद बन रही हो, तब विपक्षी दलों को ही सारा दोष क्यों दिया जाए? सोमवार को संसद में विपक्षी दलों ने काले कपड़ों में जो विरोध-प्रदर्शन किया, उसे इसी पृष्ठभूमि में देखा जाना चाहिए। विपक्ष संसद से राहुल गांधी की सदस्यता खत्म किए जाने का विरोध कर रहा था। पूरे विपक्ष ने जिस तरह एकजुट होकर एक साथ काले कपड़े पहनकर विरोध जताया, उसमें विपक्षी एकता के समर्थक उजली संभावनाएं भी देखने लगे हैं। अभी कुछ दिन पहले तक लग रहा था कि पूरे विपक्ष का एक साथ आना कतई मुमकिन नहीं है। अडानी मामले में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की मांग भले ही पूरा विपक्ष कर रहा था, लेकिन इसे लेकर जब विपक्षी दलों की बैठक की गई, तो उसमें कई दल अनुपस्थित थे। ईडी और सीबीआई के इस्तेमाल का मुद्दा भी पिछले दिनों काफी गरमाया रहा, लेकिन सहमति के बावजूद इस पर भी सभी विपक्षी दल एक साथ नहीं जमा हुए। मगर अब राहुल गांधी की सदस्यता खत्म किए जाने पर वे सब, यानी कुलजमा 17 विरोधी दल एक साथ आ गए हैं। यहां तक कि समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और भारत राष्ट्र समिति जैसे दलों के नेता भी, जो काफी समय से कांग्रेस से दूरी बनाते दिख रहे थे, सोमवार के विरोध में मौजूद थे। एक दिन पहले ही उद्धव ठाकरे की शिव सेना ने सावरकर पर राहुल गांधी के बयान का जोरदार विरोध किया था, पर सोमवार को उसके नेता भी काले कपड़ों में विरोध कर रहे थे। राहुल गांधी की सदस्यता खत्म किए जाने संबंधी मसले पर भाजपा नेताओं ने जैसी भी प्रतिक्रिया दिखाई हो, पर अब तमाम विरोधी दलों का एक साथ आ जाना उनके लिए अच्छी खबर नहीं है। फिलहाल तो इस विरोध-प्रदर्शन का नतीजा वही निकला, जो मौजूदा बजट सत्र में पिछले कई दिनों से हो रहा है। सोमवार को भी संसद का कामकाज करीब-करीब ठप रहा। हंगामा, नारेबाजी जैसे चीजें फिर दोहराई गईं। अगला आम चुनाव अभी एक साल दूर है, लेकिन बजट सत्र को देखकर लगता है कि सभी दल अभी से हर अवसर का इस्तेमाल राजनीतिक बढ़त हासिल करने के लिए कर रहे हैं। विपक्षी दलों के सदस्य तो यह करते ही रहते हैं, लेकिन इस बार सत्ताधारी दल ने भी संसद के कामकाज को हंगामे से बाधित किया। संसद का काफी समय ह्यराहुल गांधी माफी मांगोह्ल के उनके हंगामे में ही चला गया। पक्ष हो या विपक्ष, उनकी कई बातें जायज हो सकती हैं, लोकतंत्र में कई तरह के विरोध और प्रदर्शन जरूरी भी होते हैं, लेकिन इसके लिए फिलहाल जो तरीका अपनाया जा रहा है, उसे अच्छा नहीं कहा जा सकता। संसद और विधानसभाओं से हम दो ही चीजों की उम्मीद करते हैं।

## जख्मों पर मरहम

हाल ही के दिनों में मौसम के बिगड़े मिजाज के चलते खेतों में तैयार रबी की फसलों को अतिवृष्टि व ओलों से हुए नुकसान की शीघ्र क्षतिपूर्ति की आस किसान लगाये बैठे थे। इस दिशा में हरियाणा सरकार ने पहल की और मानक तैयार करके फसलों का मुआवजा तय किया। गिरदावरी कराकर नुकसान का जायजा लेने के बाद पंद्रह दिनों में किसानों को मुआवजा देने का वादा किया है। इसी क्रम में अब पंजाब सरकार ने भी किसानों के नुकसान को कम करने के लिये वर्षा व ओलावृष्टि से हुई क्षति के अनुरूप मुआवजा देने की घोषणा की है। रविवार को मुख्यमंत्री ने पंजाब के उन जिलों का दौरा किया जहां फसलों को ज्यादा नुकसान हुआ है। दरअसल, मोगा, मुक्तसर साहिब, बठिंडा व पटियाला आदि जनपदों में प्रभावित खेतों का निरीक्षण करके मुख्यमंत्री मान ने घोषणा की कि मुआवजा राशि 25 फीसदी बढ़ाई गई है। पंजाब सरकार ने घोषणा की है कि फसलों को 75 फीसदी से अधिक नुकसान पर किसानों को 15000 रुपये तथा तैंतीस फीसदी से 75 फीसदी तक के नुकसान पर प्रति एकड़ 6750 रुपये की दर से मुआवजा दिया जायेगा। इसके साथ ही श्रमिकों को भी दस फीसदी मुआवजा दिया जायेगा। वहीं अतिवृष्टि में पूरे मकान को हुए नुकसान के लिये 95100 और मामूली नुकसान पर 5200 रुपये की मुआवजा राशि दी जायेगी। निस्सदेह, पंजाब सरकार का यह कदम सराहनीय है क्योंकि विगत में जो मुआवजा दिया जाता था, वो एक मजाक की तरह बेहद कम था। यहां तक कि किसानों को नाममात्र का मुआवजा ही मिल पाता था। मान सरकार दावा कर रही है कि न केवल मुआवजा राशि में वृद्धि हुई है बल्कि यह राशि जल्दी से जल्दी किसान के खाते में जाये, यह सुनिश्चित किया जा रहा है। यह विडंबना ही है कि तेज हवाओं, बारिश व ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान उस समय हुआ जब रबी की फसल लगभग कटाई के लिये तैयार थी। यह अच्छी बात है कि पंजाब व हरियाणा की सरकारें समय पर किसानों के जख्मों पर मरहम लगाने की इच्छाशक्ति दिखा रही हैं। फसलों को हुई क्षति के चलते किसानों का उत्पादन कम हुआ है और एक सीजन कमोबेश बेकार चला गया है। जिला उपायुक्तों को प्रभावित क्षेत्रों में तुरंत गिरदावरी कराने के निर्देश दिये गये हैं ताकि किसान को जल्दी राहत मिले।

# आस्था के पर्व में राजधर्म का संदेश

**विश्लेषण**



✍ डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

नवरात्रि के तीसरे दिन नरेन्द्र मोदी काशी पहुंचे। उन्होंने सत्रह सौ करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं का शिलान्यास किया। वन वर्ड टीबी समिट का उद्घाटन किया। यह सुशासन और राजधर्म है। उनकी प्रत्येक यात्रा में यह तत्व शामिल रहता है। महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए व्यापक कार्य किए जा रहे हैं। वर्तमान केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार ने महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया है। इसके दृष्टिगत सामाजिक जागरुकता के साथ ही महिला स्वावलंबन संबंधी अनेक योजनाओं को लागू किया गया है। इन सभी के सकारात्मक परिणाम आए है। मोदी ने पहली बार प्रधानमंत्री बनने के बाद बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान का शुभारंभ किया था। इसमें बेटियों के प्रति सामाजिक चेतना को जागृत करने का विचार समाहित था। एक सर्वे में यह तथ्य उजागर हुआ था कि स्कूलों में बेटियों के लिए शौचालय न होने से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। बड़ी संख्या में बालिकाएं स्कूल जाना भी बंद कर देती हैं।

'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवताः' का उद्घोष एक मात्र भारतीय संस्कृति में किया गया है। वैदिक काल में भी हमारे यहां नारी को समान अधिकार प्राप्त थे। वेद ऋचाएं लिखने वालों में अनेक महिला विदुषी भी थीं। लेकिन परतंत्रता के कालखंड में भारत की यह विशेषता कायम न रह सकी। इसका कारण इतिहास में भी दर्ज है। फिर भी अनेक हिंसक बाधाओं का सामना करते हुए भारतीयों ने अपनी सभ्यता-संस्कृति को बनाये रखने का प्रयास किया। पृथ्वी माता के प्रादुर्भाव के दिन नवरात्रि उपासना का शुभारंभ हुआ। कहा भी गया है-'या देवी सर्वभूतेषु शक्ति-रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥ या देवी सर्वभूतेषु मातृ-रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥'

नवरात्रि आस्था का पर्व है। इसमें राजधर्म का भी संदेश है। मातृ शक्ति की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित होना चाहिए। तीर्थ स्थलों में सुविधाओं का पर्याप्त विकास होना चाहिए। यह शासक का दायित्व है। नेताओं का मन्दिर पहुंचना चर्चा का विषय बन जाता है, जबकि यह उनकी आस्था का विषय होता है। वैसे इस संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली बिल्कुल अलग है। दोनों ने संस्कृति और सुशासन का समन्वय किया है। यह तीर्थस्थलों की उनकी यात्रा में परिलक्षित होता है।

नवरात्रि के तीसरे दिन नरेन्द्र मोदी काशी पहुंचे। उन्होंने सत्रह सौ करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं का शिलान्यास किया। वन वर्ड टीबी समिट का उद्घाटन किया। यह सुशासन और राजधर्म है। उनकी प्रत्येक यात्रा में यह तत्व शामिल रहता है। महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए व्यापक कार्य किए जा रहे हैं। वर्तमान केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार ने महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया है। इसके दृष्टिगत सामाजिक जागरुकता के साथ ही महिला स्वावलंबन संबंधी अनेक योजनाओं को लागू किया गया है। इन सभी के सकारात्मक परिणाम आए है। मोदी ने पहली बार प्रधानमंत्री बनने के बाद बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान का शुभारंभ किया था। इसमें बेटियों के प्रति सामाजिक चेतना को जागृत करने का विचार समाहित



था। एक सर्वे में यह तथ्य उजागर हुआ था कि स्कूलों में बेटियों के लिए शौचालय न होने से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। बड़ी संख्या में बालिकाएं स्कूल जाना भी बंद कर देती हैं।

मोदी सरकार ने स्वच्छ भारत योजना लागू की। इसके अंतर्गत स्कूलों में लड़कियों के लिए अलग शौचालय निर्माण को प्राथमिकता दी गई। कहने को यह बात सामान्य लग सकती है। लेकिन इसने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को गति प्रदान की। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन शक्ति योजना लागू की। इसके माध्यम से समाज में जागरुकता का सन्देश दिया गया। महिला सम्मान व स्वावलंबन में समाज की भूमिका भी महत्वपूर्ण होती है। मुख्यमंत्री ने शारदीय नवरात्रि पर मिशन शक्ति के प्रथम चरण का शुभारंभ किया था। वस्तुतः इस दिवस का चयन अपने आप में बड़ा सन्देश देने वाला था।

महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण के दृष्टिगत केंद्र और राज्य सरकार अपने स्तर से प्रयास कर रही हैं। लेकिन समाज का भी दायित्व कम नहीं है। यह विचार अन्यत्र से लेने की आवश्यकता ही नहीं है। भारतीय संस्कृति में इसका सर्वश्रेठ उल्लेख है। इस पर अमल की आवश्यकता है। योगी आदित्यनाथ ने मिशन शक्ति के दूसरे चरण का शुभारंभ महिला दिवस के अवसर पर किया था। उन्होंने इस अवसर पर शास्त्रों की सूक्ति का उल्लेख किया- नास्ति मातृसमा छाया, नास्ति मातृसमा गतिः। नास्ति मातृसमं त्राण, नास्ति मातृसमा प्रपा।।अर्थात माता के समान कोई छाया नहीं है। माता के समान कोई सहारा नहीं है। माता के समान कोई रक्षक नहीं है। माता के समान कोई प्रिय नहीं है और इस विश्व में माता के समान कोई जीवनदाता नहीं है।

यह सर्वमान्य तथ्य है कि नारी सुरक्षा,नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन एक साथ जुड़ेंगे तो नारी सशक्तिकरण का लक्ष्य स्वतः ही प्राप्त होगा। भारतीय इतिहास में अनेक संदर्भ मिलते हैं जिसमें महिलाओं ने अपने व्यक्तित्व और कृतित्व से उपलब्धियों के उच्चतम आयाम स्थापित किए। आज भी महिलाएं अपने विशिष्ट कार्यों से समाज को राह दिखा रही हैं। नारी शक्ति की प्रतीक मां दुर्गा के अनुष्ठान का कार्यक्रम हम वर्ष में दो बार करते हैं। दोनों अवसरों पर नारी शक्ति व उसकी महिमा के बारे में अवगत होते हैं। योगी आदित्यनाथ ने आस्था के इस पर्व में राजधर्म निभाया। तभी तो उत्तर प्रदेश पुलिस में बीस प्रतिशत महिलाओं की भर्ती हुई है। तीन महिला पीएसी बटालियन का गठन किया गया है। बजट में कुपोषण से संबंधित योजना को जोड़ा गया था। महिला स्वावलंबन संबधी सुमंगला योजना तो बेजोड़ है। यह अपने ढंग की अभिनव योजना है। इसमें बेटियों को शिक्षित व स्वावलंबी बनाने का उद्देश्य निर्धारित किया गया है।

प्रधानमंत्री प्रयागराज में एक लाख साठ हजार महिला स्वयं सहायता समूहों के बैंक खातों में एक हजार करोड़ रुपये की धनराशि का अन्तरण कर चुके हैं। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की एक लाख से अधिक नवीन लाभार्थियों के खातों में बीस करोड़ रुपये भेजे जा चुके हैं। यूपी की सखी बैंक योजना भी महिला सुदृढ़ीकरण में नई इबारत लिख रही है। योगी सरकार ने इन पर पचहत्तर हजार करोड़ रुपये के लेनदेन की जिम्मेदारी सौंपी है। उत्तर प्रदेश में टेक होम राशन जच्चा बच्चा को देने की जिम्मेदारी महिलाओं को सौंपी गई है। यह राशन अब सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाएं स्वयं बनाएंगी। यह वार्षिक हजारों करोड़ रुपये का कार्य है।

प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना में गर्भावस्था के समय पांच हजार रुपये महिलाओं के खातों में जमा कराए जाते हैं। सुकन्या समृद्धि योजना के अन्तर्गत ढाई करोड़ बेटियों के खाते खोले जा चुके हैं। जमा धन पर अच्छी ब्याज दर की घोषणा की गई है। उज्ज्वला योजना में रसोई गैस कनेक्शन, नल से जल की उपलब्धता से महिलाओं के जीवन में सुविधा में वृद्धि के साथ ही गरिमा में भी बढ़ोतरी हुई है। आयुष्मान भारत योजना से सर्वाधिक लाभ महिलाओं को हुआ है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत महिलाओं के नाम पर घर बनाए गए हैं। मुद्रा योजना के अन्तर्गत गांवों में गरीब परिवारों की नई महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। दीनदयाल अन्त्योदय योजना के जरिये भी बहनों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा जा रहा है। राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत वर्तमान केंद्र सरकार के पहले पांच वर्ष में जितनी सहायता दी गई,उससे तेरह गुना बढ़ोतरी विगत सात वर्षों में हुई है। पहले स्वयं सहायता समूहों को दस लाख रुपये का ऋण बिना गारंटी के उपलब्ध कराया जाता था। अब इसका दोगुना बीस लाख रुपये दिया जा रहा है। मुस्लिम बहनों को उत्पीड़न और शोषण से बचाने के लिए तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाया गया। योगी आदित्यनाथ कहते भी हैं कि डबल इंजन सरकार महिलाओं को सशक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# राहुल गांधी के जी हजूरिये बहुत थे परन्तु राह दिखाने वाले खामोश क्यों थे?

राहुल बोलते रहे , कानून अपना काम करता रहा कांग्रेस वर्षों सत्ता में रही है तीन प्रभावशाली प्रधान मंत्री जिनकी अनेक उपलब्धियां है `राहुल गांधी कांग्रेस के बड़े नेता हैं वह पार्टी के उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष रह चुके है 2019 में कर्नाटक की सभा में दिए गए विवादित बयान पर अदालत ने उन्हें मानहानि का दोषी करार देते हुए उन्हें दो वर्ष की सजा सुनाई मोदी सरनेम को लेकर उनका बयान उन्होंने नीरव मोदी, ललित मोदी और अन्य का नाम लेते हुए कहा था, कैसे सभी चोरों का सरनेम मोदी है राहुल जी कैसी अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता थी ?

राजनीति में संजीदगी की जरूरत होती है 10 साल से कांग्रेस की राजनीति राहुल गांधी के इर्द-गिर्द घूम रही है, कांग्रेस के नीतिगत फैसलों में राहुल गांधी का दखल रहता है इन 10 सालों में ही कांग्रेस की स्थिति लगातार बद से बदतर होते गईसंसद में वह उदासीन रहते हैं अपनी बात कहते हैं दूसरे सांसदों के विचारों को सुनने की आदत उन्हें नहीं है भाषणों में नया पन देखने में नहीं आता अक्सर अटपटे बोल कांग्रेस के दिग्गजों को परेशानी में डाल देते हैं जब पार्टी को उनकी जरूरत सियासी दाव खेलने के लिए होती है वह नरेंद्र मोदी सरकार और बीजेपी के खिलाफ आग उगल रहे होते हैं या विदेश चले जाते है।

कांग्रेस को असहज कर देते हैं दिग्गज कांग्रेसी नेता उनके कथन पर सफाई देते रहते हैं जबकि जरूरत कांग्रेस की नीतियों कार्यों उपलब्धियों को गिना कर सत्ताधारी पार्टी को को कटघरे में खड़ा करने की होती है भाजपा इसका जम कर फायदा उठाती है।

स्वर्गीय सरदार पटेल की सबसे बड़ी देन थी भारत की रक्तहीन क्रान्ति थी ,562 छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में मिलाकर भारतीय एकता का निर्माण करना था।

नेताओं ने भी अनेक यात्राएं की थी श्री राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक की पैदल यात्रा को भारत जोड़ों का नाम दिया। अब तक राहुल गांधी की छवि अधिकतर विदेश में रहने की थी पहली बार वह 150 दिन तक भारत में दिखे, मीडिया की सुर्खिया बने जहाँ से गुजरे वहाँ की जनता उनके साथ दिखाई दी। विदेशी मीडिया में यात्रा पर लेख लिखे गये यूएई के अखबार खलीज टाइम्स ने लिखा था यात्रा के जरिए राहुल गांधी अपनी छवि बदलने की कोशिश कर रहे हैं` छवि बदली।

लेकिन, लंदन में भारतीय लोकतंत्र पर उनके बयानों से बात बदल गयी बीजेपी को मुद्दा मिल गया वह राहुल पर हमलावर थी । उन पर माफी मांगने का दबाव बढ़ता जा रहा था इस मुद्दे पर संसद नहीं चल पा रही थी।

राहुल बोले, लोकतंत्र के लिए ढांचा, संसद, स्वतंत्र प्रेस, न्यायपालिका जरूरी होते हैं भारत में यह विवश होते जा रहे हैं इसलिए हम भारतीय लोकतंत्र के मूल ढांचे पर हमले का सामना कर रहे हैं। भारतीय संविधान में भारत को राज्यों का संघ बताया गया है संघ राज्यों से सम्पर्क की जरूरत है संसद भवन की तस्वीर सामने है जब विपक्ष के नेता कुछ मुद्दों पर बात कर रहे थे उन्हें जेल में डाल दिया गया। ऐसा 3 या 4 बार हुआ है जो हिंसक था। उनके अटपटे तर्क सुन कर हैरानी हुई।

राहुल गांधी ने लंदन में कहा भारत की संसद में बोलने की आजादी नही हैं। संसद में माइक बंद कर दिया जाता है। हैरानी हुई जब कहा लोकतंत्र की रक्षा करने का दावा करने वाले अमेरिका और यूरोप चुपचाप देख रहे हैं। विपक्ष के तौर पर हम लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन यह अकेले भारत की जंग नहीं है यह पूरे लोकतंत्र का एक संघर्ष है क्या बोल रहे थे राहुल? जबकि स्वर्गीय राजीव गांधी के मित्र सेम पित्रोदा उनके साथ थे।

राहुल क्या चाहते हैं? अमेरिका एवं योरोपियन देश क्या करें? क्या भारत पर पाबंदियां लगाये, निंदा करें? क्या- क्या करें यह भी सुझाव दे देते। भारत शक्ति सम्पन्न मजबूत देश है, देश संविधान से चलता है `यहाँ का बहुत बड़ा बाजार है अनेक देश भारत में निवेश के इच्छुक हैं। रूस युक्रेन की जंग में सब चाहते हैं मोदी जी दखल देकर जंग को समाप्त करायें। राहुल इतना भी नहीं जानते भारत सम्प्रभुता सम्पन्न देश है। 26 जनवरी 1950 को भारत सम्प्रभुता सम्पन्न, लोकतांत्रिक गणतंत्र बना था संविधान में केंद्र एवं राज्यों के अधिकार क्षेत्र स्पष्ट है। 1.केंद्र सूची, समवर्ती सूची , राज्य सूची। अपनी संप्रभुता की रक्षा, अपनी राजनीतिक सीमाओं की रक्षा और अंतरराष्ट्रीय राजनीति का शिकार होने से बचने जैसी चुनौतियां भारत के सामने वर थीं। भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने गुटनिरपेक्षता की नीति को विदेश नीति का आधार बनाया चीन के साथ सम्बन्धों में पंचशील के सिद्धांत को अपनाया। प्रत्येक देश एक दूसरे की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का परस्पर सम्मान करेंगे।

देश की प्रधान मंत्री इंदिरा जी देश की आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर थी इंदिरा जी को पी. एल .480 के अंतर्गत गेहूं और वित्तीय सहायता की आवश्यकता थी वह आर्थिक मदद के लिए अमेरिका गयीं`अमेरिका उत्तरी वियतनाम से युद्ध में फंसा था वियतनाम गरीब मुल्क होते हुए भी अमेरिकन शक्ति का डट कर मुकाबला कर रहा था,पूरे विश्व में अमेरिका की बदनामी हो रही थी अमेरिकन राष्ट्रपति जानसन 35 लाख टन गेहूँ और एक हजार मिलियन डालर की सहायता के बदले इंदिरा जी से अपने पक्ष में स्टेटमेंट दिलवाना चाहते थे कि अमेरिका का वियतनाम में कदम उचित है राष्ट्रपति को विश्वास था भारत सरकार मजबूर है इंदिराजी मजबूरी में उनके पक्ष में स्टेटमेंट दे देंगी। इंदिरा जी ने राष्ट्रपति जानसन की बात नहीं मानी अमेरिकन राष्ट्रपति ने भी मदद से हाथ खींच लिया। राहुल जी ऐसी मजबूत इच्छा शक्ति की आपकी दादी थीं देश में हरित क्रान्ति हुई। इंदिरा जी के सामने बाहरी और कांग्रेस के भीतर चुनौतयां कम नहीं थी `आपतकालीन घोषणा के बाद चुनाव हुए वह हार गयी ह्यजनता उनसे रूठी था लेकिन प्यार सम्मान में कमी नहीं थी। काश राहुल गांधी ने अपनी दादी अपने परनाना द्वारा समर्थित विदेश नीति तटस्थता के सिद्धांत को पढ़ लिया होतो संविधान का विस्तृत रूप से अध्ययन किया होता।

## सोशल मीडिया से...

**सच के हक में...**



विश्वभारती के माध्यम से, गुरुदेव ने हमें एक सीखने की प्रणाली का उपहार दिया है जो प्रकृति के करीब है, जो ज्ञान और विज्ञान का मिश्रण है – वह है – आध्यात्मिकता और आधुनिक विज्ञान, नैतिकता और उत्कृष्टता, परंपरा और आधुनिकता। गुरुदेव के लिए, सीखना सीमा–रहित और सीमा–रहित था।

**(राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के ट्विटर अकाउंट से)**



कालाबुरागी में पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क की स्थापना के लिए कर्नाटक के मेरे बहनों और भाइयों को बधाई। यह पार्क कर्नाटक की समृद्ध कपड़ा परंपरा का जश्न मनाएगा और लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा करेगा।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



झामुमो परिवार के वरिष्ठ नेता और शिकारीपाड़ा विधानसभा से माननीय विधायक आदरणीय श्री नलिन सोरेन जी को जन्मदिवस की ढेरों शुभकामनाएं और जोहार। परमात्मा आपकी सदैव उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु प्रदान करे यही कामना करता हूँ।

**(सीएम हेमंत सोरेन के ट्विटर अकाउंट से)**

# प्रासंगिक हैं जन-जन के श्रीराम

दुनिया में जहां कहीं भी सनातन धर्मावलंबी हैं, वहां मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम की पूजा आदर्श के रूप में होती है। खासकर भारतीय धर्म-संस्कृति में भगवान श्रीराम का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। कोटि-कोटि हृदयों में प्रभु श्रीराम के प्रति गहन आस्था है। राष्ट्र जागरण एवं विश्व परिवर्तन के वर्तमान परिवेश में वह और भी अधिक प्रासंगिक एवं पूजनीय बन चुके हैं। उनका शौर्य, उनकी मयार्दा, उनका संघर्ष, उनका अनीति उन्मूलन के प्रति प्रचंड पुरुषार्थ एवं आदर्श राज्य व्यवस्था रामराज्य के सर्व कल्याण की प्रेरक प्रतिष्ठापनाएं जन-जन में उत्कृष्ट भाव-संवेदनाएं जगाती है। प्रखर पुरुषार्थ पराक्रम के लिए प्रेरित करती हैं। वर्तमान में जब अंधकार का युग तिरोहित हो रहा है, नवयुग का सूर्योदय हो रहा है, प्रभु श्रीराम का महान गौरवशाली जीवन दिव्य प्रकाशस्तंभ की तरह मार्गदर्शन करने को पूर्ण तत्पर है। भारतीय संस्कृति की अति महत्वपूर्ण विशेषताएं जो विश्व जनमानस की धरोहर हैं। उन्हें अपनाने, अपना आदर्श बनाने की आत्मीयता एवं श्रद्धापूर्ण अभीष्ट अभीप्सा अगणित धर्मवानों-राष्ट्रभक्तों के हृदय में उमड़ने-उभरने लगी है। महान भविष्यवक्ताओं, दिव्यदर्शी महापुरुषों और अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक आचार्य श्रीराम शर्मा आचार्य ने अनंत



कालचक्र के वर्तमान खंड को मानव मात्र के लिए दिव्य संभावनाओं, उपलब्धियों, योजनाओं के साकार होने का समय बताया है। जिसमें सभी के लिए उज्ज्वल भविष्य, समृद्ध, सुसंस्कृत जीवन एवं सर्वोच्च भौतिक आत्मिक प्रगति का सुलभ होना सुनिश्चित माना गया है। इसका आधार बन रहा है सनातन धर्म-संस्कृति का ज्ञान-विज्ञान एवं ऋषियों-मुनियों, अवतारी चेतनाओं का आदर्श व्यक्तित्व। प्रभु श्रीराम का व्यक्तित्व आदर्श अवतार का रहा है, जिसके कारण भारत ही नहीं, विश्व भर के बहुत सारे लोगों में उनके प्रति परम आस्था एवं श्रद्धा का सघन भाव रहा है, जो आज प्रकट होकर क्रियान्वयन में निरत है। श्रीराम चरित्र एक समुद्र की तरह है, जिसमें सर्वसाधारण से लेकर विशिष्ट जनों तक के लिए प्रेरक चिंतन के अमूल्य मोती विद्यमान हैं। आज जब कुछ स्वघोषित बुद्धिवादियों द्वारा श्रीराम चरित्र से जुड़े ग्रंथों पर कुतार्किक प्रहार किया जा रहा है। ऐसे में यह अत्यंत आवश्यक हो गया है कि हम उनके महान आदर्शों को धूमिल नहीं होने दें। बल्कि समर्पण एवं निष्ठा के साथ कुटिल आक्षेपों का निराकरण करते हुए, तथ्यों की वास्तविकता को जनसमुदाय के समक्ष स्पष्टतापूर्वक रखें। आध्यात्मिक-सांस्कृतिक प्रगति का जो राष्ट्र अभियान गति पकड़ चुका है, उस पर कोई ग्रहण, धब्बा नहीं लग सके। प्रभु श्रीराम आदर्श पुरुष, आदर्श पुत्र, आदर्श भाई, आदर्श शिष्य, आदर्श सम्राट आदि का हृदयग्राही परम अनुकरणीय कर्म-पथ प्रस्तुत करते हैं। आज अत्यंत आवश्यकता है कि हम सभी उनके दिव्य स्वरूप को भली भांति जानें, समझें एवं अनुगमन करें, ताकि पूरी मानवता का भविष्य शानदार और श्रेष्ठ बनाया जा सके।

## मुझे कुछ कहना है...



लंबे इंतजार के बाद राजधानी में स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में एक नई शुरूआत हो गई है। रांची में सदर अस्पताल के नए भवन में मंगलवार को विभिन्न विभाग में इलाज संबंधी सेवाएं शुरू कर दी गई हैं। करीब 15 वर्ष बाद अब यहां 520 बेड पर मरीजों का इलाज शुरू हो सकेगा। इस नए भवन में 17 ओपीडी चलेगी, जिसमें से तीन नए विभाग कार्डियोलाजी, हेमेटोलाजी और जेनेटिक्स ओपीडी में डाक्टर परामर्श देंगे। नए भवन का उद्घाटन मुख्यमंत्री ने 23 जनवरी को आनलाइन किया था। उस दिन इस अस्पताल की ओपीडी व अन्य सेवाओं को स्टाफ की कमी के कारण शुरू नहीं किया जा सका था। अब 450 स्टाफ की बहाली आउटसोर्स के माध्यम से कर दी है। नए भवन बनने के बाद अस्पताल में आने वाले लोगों को राहत होगी क्योंकि पहले जगह की कमी की वजह से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। इस अस्पताल की सुविधाओं को लेकर बड़े–बड़े दावे किए जा रहे हैं। नए भवन में इमरजेंसी ओपीडी के साथ–साथ माड्यूलर ओटी की भी व्यवस्था होगी। इमरजेंसी में हर समय ब्लड टेस्ट सेंटर व जांच की सुविधा रहेगी। यह नया परिसर इंटीग्रेटेड बिल्डिंग मैनेजमेंट सिस्टम के साथ ही अत्याधुनिक उपकरणों और सुविधाओं से युक्त है। बताया गया कि 520 बेड पर इलाज की सुविधा मिलेगी, जिसकी जिम्मेदारी 500 स्टाफ के ऊपर होगा। दो महीने पहले ही इमरजेंसी सहित सेंट्रल लैब को पहले ही यहां शिफ्ट किया जा चुका है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार ओपीडी में मेडिसिन, सर्जरी, आब्स एंड गाइनी, पिडियाट्रिक, मनोचिकित्सा, स्किन, आर्थो, एनसीडी कैंसर स्क्रिनिंग, कार्डियोलाजी और डायबिटिज कंट्रोल और हेमेटोलाजी विभाग, पिडियाट्रिक सर्जरी में मरीजों को उपचार की सुविधा मिलेगी। एक अप्रैल से कार्डियोलाजी, हेमेटोलाजी और जेनेटिक्स विभाग के चिकित्सक मरीजों को परामर्श देंगे। वहीं, टीमएटी, इको और इसीजी की सुविधा भी 24 घंटे मिलेगी। यहां नेत्र विभाग भी जल्द खोलने की तैयारी है। उम्मीद की जानी चाहिए कि जो दावे किए जा रहे हैं उसके अनुरूप व्यवस्थाएं सुदृढ़ रहेंगी।

**वसीम, पत्रकार रांची।**

दैनिक द फोटोन न्यूज, के लिए प्रकाशित एवं स्वामित्व मां मीडिया वेंचर रोस्पा टावर, चौथा तल्ला, मेन रोड, रांची, शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट + थाना – रातू, जिला – रांची, झारखंड, पिन – 835222 से मुद्रित।
प्रधान संपादक – फहीम अख्तर* (M) +919431311669, RNI NO. आवेदित (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), website : www.thephotonnews.com, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# भारतीय टीम को आईसीसी ट्रॉफी जीतने आक्रामक अंदाज में खेलने की जरुरत : गांगुली



**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली के अनुसार भारतीय टीम के पास काफी प्रतिभा है। इसके बाद भी टीम पिछले एक दशक से कोई आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत पायी है। इसके पीछे कारण यह है कि टीम को जितना आक्रामक होकर खेलना था। वह उस प्रकार से नहीं खेल रही है। भारतीय टीम ने अंतिम बार साल 2013 में चैंपियन ट्रॉफी आईसीसी ट्रॉफी जीती थी उसे बाद से ही टीम कोई आईसीसी खिताब नहीं जीत पायी है। द्विपक्षीय सीरीज में बेहतर प्रदर्शन का टीम आईसीसी टूर्नामेंट में दोहरा नहीं पा रही है। टीम अधिकतकर अवसरों पर नॉकआउट दौर में बाहर हुई है। गांगुली के अनुसार टीम के पास पर्याप्त प्रतिभा है पर उसका उपयोग नहीं हो पा रहा है।

उन्होंने कहा कि जीत के लिए जरुरी ये है कि हम किस प्रकार से तैयारी करते हैं। उन्होंने कहा, भारत को आईसीसी ट्रॉफी जीतने आक्रामक होकर खेलना होगा, विशेष रुप से टी20 में और तेजी से खेलना होगा। उन्होंने कहा कि टीम की बल्लेबाजी में काफी गहरायी है। साथ ही कहा कि जिस टीम के पास नंबर 9 पर बल्लेबाजी के लिए भी अक्षर पटेल जैसा अच्छा बल्लेबाज है। उसे आक्रामक अंदाज में ही खेलना चाहिये। उन्होंने कहा कि टीम में काफी गहराई है। ऐसे में यह दबाव से तालमेल बिठाने, अपने खेल को जानने और अपने खेल के अनुसार बल्लेबाजी करने के बारे में है। भारतीय क्रिकेट के पास हमेशा से ही कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी रहे हैं।

भारतीय टीम में अधिकतर खिलाड़ी तीनों ही प्रारुपों में खेलते हैं। ऐसे में कई बार उनके लिए दूसरे प्रारुप में खेलना कठिन हो जाता है पर अगर खिलाड़ी लय में हैं तो इसमें कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए क्योंकि अच्छे खिलाड़ी सभी प्रारुपों में समन्वय बना लेते हैं।

# भराली बेदब्रते ने यूथ विश्व चैंपियनशिप में जीता कांस्य



**दुरेस (अल्बानिया) (एजेंसी)।** भारतीय भारोत्तोलक भराली बेदब्रते ने विश्व यूथ चैंपियनशिप में पुरुषों के 67 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीत लिया है। भारत के 15 वर्षीय भारत्तोलक ने सोमवार रात कुल 276 किग्रा भार उठाकर कांसे का तमगा हासिल किया। भराली ने स्नैच में 119 किलोग्राम भार उठाया, जबकि क्लीन एंड जक में उन्होंने 148 किग्रा की लिफ्ट को सफ्लतापूर्वक अंजाम दिया।

अर्मेनिया के शेरोजा बारसेग़्यान ने 275 किग्रा (128 किग्रा + 147 किग्रा) के साथ स्वर्ण जबकि सऊदी अरब के मोहम्मद अल मरज़ौक ने 270 किग्रा (119 किग्रा + 148 किग्रा) के कुल भार के साथ रजत पदक जीता। भाराली ने क्लीन एंड जक वर्ग में भी 148 किग्रा का सर्वश्रेष्ठ भार उठाकर कांस्य पदक जीता। महाद्वीपीय और विश्व चैंपियनशिप में स्नैच, क्लीन एंड जक और कुल लिफ्ट के लिये अलग से पदक दिए जाते हैं, जबकि ओलंपिक खेलों में सिर्फ कुल लिफ्ट का पदक दिया जाता है।

इस भार वर्ग में राष्ट्रमंडल खेल 2022 के चैंपियन जेरेमी लालरिनुंगा के नाम कुल (306 किग्रा), स्नैच (140 किग्रा) और क्लीन जक (166 किग्रा) का यूथ विश्व रिकॉर्ड हैं।

# सीएसके की खिताबी उम्मीदों पर पानी फेर सकती है कमजोर गेंदबाजी

**चेन्नई (एजेंसी)।** महेन्द्र सिंह धोनी की कप्तानी में चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) 31 मार्च से शुरु हो रहे आईपीएल में जीत के इरादे से उतरेगी। सीएककेे खिताब के प्रबल दावेदारों में शामिल है। वह चार बार की खिताब विजेता है पर इस बार टीम के खिताबी सफर में उसकी कमजोर गेंदबाजी बाधा बन सकती है। टीम के तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी घायल हैं। दीपक चाहर की फिटनेस पर भी संदेह हैं। वह पिछले काफी समय में अपनी फिटनेस को लेकर परेशान हैं। ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा, बेन स्टोक्स, शिवम दुबे बल्लेबाजी के साथ-साथ गेंदबाजी में योगदान दे सकते हैं पर इनपर आधारित नहीं रहा जा सकता। युवा गेंदबाज महीश तिक्षणा, मथिथा पथिराना कितने सफल रहेंगे। ये अभी नहीं कहा जा सकता है। तेज गेंदबाज सिमरजीत सिंह और तुषार देशपांडे का टीम किया प्रकार उपयोग करती है। यह भी देखना होगा।

सीएके के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के लिए यह अंतिम सत्र हो सकता है। माही इस सीजन के बाद शायद ही खेलें ऐसे में सीएसके उन्हें जीत के साथ विदाई देना चाहेगी। इस सत्र में शामिल ऑलरांडर बेन स्टोक्स भी कितने सफल होते हैं यह देखना होगा। टीम के पासा स्टोक्स के अलावा रविंद्र जडेजा, मोइन अली, शिवम दुबे और मिचेल सैंटनर जैसे ऑलराउंडर हैं। आठवें नंबर पर दीपक चाहर भी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। इस सत्र में धोनी नंबर चार या पांच पर बल्लेबाजी कर सते हैं। वहीं पारी की शुरुआत बेन स्टोक्स या डेवॉन कॉनवे में से कोई एक रुतुराज गायकवाड़ के साथ करेगा।

**सीएसके टीम :** एमएस धोनी (कप्तान), डेवॉन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़, अंबाती रायुडू, सुभ्रांशु सेनापति, मोईन अली, शिवम दुबे, राजवर्धन हंगरगेकर, ड्वेन प्रिटोरियस, मिचेल सैंटनर, रविंद्र जडेजा, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मथिथा पथिराना, सिमरजीत सिंह, दीपक चाहर, प्रशांत सोलंकी, अजिंक्य रहाणे, बेन स्टोक्स, शेख रशीद, निशांत सिद्धू, मगाला, अजय मंडल, भगत वर्मा

# पाकिस्तान ने तीसरे टी-20 में अफगानिस्तान टीम को 66 रनों से हराया




**शारजाह (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने यहां शारजाह में खेले गये तीसरे टी-20 क्रिकेट मैच में अफगानिस्तान टीम को 66 रनों से हराकर सीरीज में एकमात्र जीत दर्ज की है। वहीं अफगानिस्तान ने 2-1 से सीरीज जीत ली है। इस सीरीज के पहले दोनो ही मैचों में पाक टीम को हार का सामना कारना पड़ा था। अंतिम टी20 में अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पाक को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान टीम ने अफगानिस्तान टीम को जीत के लिए 183 रनों का लक्ष्य दिया जिसका पीछा करते हुए अफगान टीम 116 रन ही बना पायी। पाक की ओर से कप्तान शादाब खान ने तीन विकेट लेकर एक अहम उपलब्धि हासिल की। वह पाक की तरफ से क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में 100 विकेट लेने वाले पहले पाक खिलाड़ी बने। उन्होंने अपने 87वें टी-20 मुकाबले में यह खास उपलब्धि हासिल की। शादाद के अलावा पाक की ओर से एसानुल्लाह ने भी तीन विकेट लिए। इमाद वसीम, जमान खान और मोहम्मद वसीम जूनियर को एक-एक विकेट मिला।

पाकिस्तान टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज मोहम्मद हारिस पहले ओवर की तीसरी गेंद पर ही एक रन बनाकर आउट हो गये। इसके बाद सईम अयूब ने टीम की पारी को संभाला और 40 गेंदों पर 49 रन बनाये। तय्यब ताहिर ने 9 गेंदों पर 10 रन बनाए। वहीं अब्दुल्लाह शफीक 23 रन ही बना पाए। इफ्तिखार अहमद ने 31 रनों की पारी खेली। शादाब खान ने 28 रन बनाए। इस प्रकार पाक टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 182 रन बनाये। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान टीम का शीर्ष क्रम विफल रहा। सलामी बल्लेबाज रहमानफल्लाह गुरबाज ने 18 रन बनाए। इसके बाद सेदिकुल्लाह अटल ने 11 रन बनायेए। इब्राहिम भी 3 रन बनाकर आउट हो गये। अफगान टीम की ओर से सबसे ज्यादा 21 रन अजमतउल्लाह ओमरजाई ने बनाए। वहीं राशिद खान भी 16 रन बनाकर पेवेलियन लौटै।

## सिटसिपास ने मियामी ओपन में पहला मैच जीता

मियामी गार्डन्स। तीसरी वरीयता प्राप्त स्टेफाानोस सिटसिपास ने चिली के क्वालीफायर क्रिस्टियन गारिन को 6 .3, 4 .6, 6 .4 से हराकर मियामी ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। महिला वर्ग में 2019 की अमेरिकी ओपन चैम्पियन कनाडा की बियांका आंद्रिस्कू दाहिने पैर में चोट के कारण व्हीलचेयर से कोर्ट से बाहर गई। उन्हें 18वीं वरीयता प्राप्त एकातेरिना अलेक्जेंद्रोवा के खिलाफ मैच के दूसरे सेट में चोट लगी थी। सिटसिपास का सामना अब कारेन खाचानोव से होगा जिसने चेक गणराज्य के जिरि लेहेस्का को 6 . 2, 6 . 4 से मात दी। अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरूंडोलो ने पांचवीं वरीयता प्राप्त कनाडा के फेलिक्स आगर एलियास्सिमे को 6 . 2, 7. 5 से हराया। अब उनका सामना इटली के लोरेंजो सोनेओग से होगा जिसने फ्रांसिस टियाफो को 6 . 3, 6 . 4 से मात दी। अमेरिका के क्रिस यूबैंक्स ने फ्रांस के ग्रेगोइर बारेरे को 6 . 3, 7 . 6 से हराया। वहीं फ्रांस के केंटिन हेलिस ने अमेरिका के मैकेंजी मैकडोनाल्ड को 7 .6, 6 . 3 से परास्त किया। महिला वर्ग में तीसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका की जेसिका पेगुला ने पोलैंड की मागडा लिनेटे को 6 . 1, 7 . 5 से हराया। अब उनका सामना 27वीं वरीयता प्राप्त अनास्तासिया पोतापोवा से होगा जिसने किंवेन झेंग को 6 . 4, 7 . 6 से हराया।



## श्रीलंकाई प्रीमियर लीग 31 जुलाई से , 22 अगस्त को खेला जाएगा फाइनल



कोलंबो । श्रीलंकाई प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट (एलपीएल) का चौथा सत्र 31 जुलाई से शुरु होगा जबकि इसका खिताबी मुकाबला 22 अगस्त को खेला जाएगा। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि एलपीएल लीग 31 जुलाई से शुरू होगी और 22 अगस्त को इसका फाइनल खेला जाएगा। यह पहली बार है जबक जुलाई-अगस्त में यह टूर्नामेंट खेला जाएगा।

इसमें पिछले सत्र की तरह ही 5 टीमों का टूर्नामेंट तीन स्थानों कैंडी, हंबनटोटा और कोलंबो में खेला जाएगा। इसमें हर टीम ज्यादा से ज्यादा 20 खिलाड़ियों को अनुबंधित कर सकती है जिनमें से 14 स्थानीय होने चाहिए जबकि 6 विदेशी क्रिकेटर रहेंगे। वहीं संयुक्त राज्य अमरीका में मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) टूर्नामेंट और इंग्लैंड में द हंड्रेड होने से इस लीग के लिए शीर्ष क्रिकेटरों को मिलने में परेशानी होगी। इसके बाद भी आयोजन समिति को उम्मीद है कि उसे अच्छे क्रिकेटर मिल जाएंगे। एलपीएल टूर्नामेंट निदेशक समांथा डोडानवेला ने कहा, हमने इस साल जुलाई और अगस्त के दौरान टूर्नामेंट आयोजित करने का फैसला किया है क्योंकि इस अवधि के दौरान टूर्नामेंट आयोजित करने से हमें शीर्ष अंतरराष्ट्रीय प्रतिभाओं को अपनी ओर खींचने का अवसर मिलेगा।

# आईपीएल2023 : इस बार ये 4 दिग्गज नहीं दिखेंगे मैदान पर, कभी बरसाते थे चौके-छक्के

**(एजेंसी)।** भारत की आकर्षक टी20 प्रतियोगिता, इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने 2008 में अपनी स्थापना के बाद क्रिकेट से प्रेम करने वाले सभी वैश्विक दर्शकों को आकर्षित किया है। शीर्ष स्तर की इस लीग ने युवाओं को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ खेलने के लिए एक मंच प्रदान किया। अनुभव हासिल करने के लिए लीग ने यहां स्थानीय क्रिकेटरों की मदद की, वहीं विदेशी खिलाड़ियों को भी इस लीग से काफी लाभ पहुंचा। इस कैश-रिच लीग में खेलने वाले कई खिलाड़ियों में कुछ ऐसे भी हैं, जिन्होंने खूब रन बरसाए हैं, लेकिन वो अब 2023 में खेलते हुए नजर नहीं आएंगे।

1. रॉबिन उथप्पाः भारत के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने सितंबर 2022 में भारतीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। दाएं हाथ इस बल्लेबाज ने 2007 में टी20 विश्व कप विजेता भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया और इसी के साथ उन्होंने कुछ आईपीएल खिताब भी जीते हैं। उथप्पा ने आईपीएल में अपने कार्यकाल के दौरान चेन्नई सुपर किंग्स, मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइट राइडर्स, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, राजस्थान रॉयल्स और पुणे वारियर्स इंडिया जैसी फ्रेंचाइजी का प्रतिनिधित्व किया है। दाएं हाथ का यह बल्लेबाज 2021 में आईपीएल विजेता टीम चेन्नई सुपर किंग्स को हिस्सा रहा। उन्होंने चेन्नई फ्रेंचाइजी के साथ दो सत्र बिताए और 16 मैचों में 345 रन बनाए, जिसमें उनकी पूर्व टीम केकेआर के खिलाफ आईपीएल 2021 के फाइनल में एक महत्वपूर्ण पारी भी शामिल है। उथप्पा के नाम दो आईपीएल खिताब हैं, एक 2014 में केकेआर के साथ और 2021 सीएसके के साथ।

2. ड्वेन ब्रावोः ड्वेन ब्रावो यहां अपने दमदार खेल के चलते आईपीएल में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर्स में से एक बने, वहीं वह मैदान में अपने अलग अंदाज से सर्वकालिक महान मनोरंजनकर्ता के तौर पर भी फैंस ने पहचाना। चाहे वह उनके गाने हों या मैदान पर उनका डांस, ब्रावो ने प्रशंसकों का मनोरंजन करने के लिए क्रिकेट के साथ-साथ सब कुछ किया। वेस्टइंडिज के इस ऑलराउंडर ने अपने करियर की शुरुआत मुंबई इंडियंस के साथ की, जिसके बाद चेन्नई सुपर किंग्स ने उनकी सेवाएं लीं। आईपीएल के 14 सीजन खेलने के बाद, वह 183 विकेट के साथ सबसे अधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ी के बने इसके अलावा, उन्होंने तीन बार आईपीएल खिताब और चेन्नई सुपर किंग्स के साथ एक बार चैंपियंस लीग का खिताब जीता है। अब, वह सीएसके में गेंदबाजी कोच का पद संभालेंगे।

3. सुरेश रैनाः आईपीएल में सर्वकालिक दिग्गजों में से एक, सुरेश रैना ने इस साल आईपीएल से बाहर होने की घोषणा की।%मिस्टर आईपीएल% के नाम से मशहूर रैना सीएसके टीम के साथ अपने कार्यकाल के दौरान सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। 2021 सीजन में यहां उन्हें सीएसके ने बैंच पर बिठाकर रखा , तो वहीं आईपीएल 2022 के लिए मेगा-नीलामी में भी नहीं बिके। जिसके बाद, बल्लेबाज ने कुछ महीने बाद अपने आईपीएल से संन्यास की घोषणा करने का फैसला किया।

अपने लंबे और शानदार करियर में, रैना ने 205 मैचों में 39 अर्धशतक और एक शतक के साथ 5528 रन बनाए। उन्होंने अपने आईपीएल करियर के दौरान चेन्नई की पीली जर्सी पहनकर चार खिताब भी जीते।

4. कीरोन पोलार्डः पोलार्ड ने अपने पूरे आईपीएल करियर में सिर्फ एक पक्ष का प्रतिनिधित्व किया है और वह है मुंबई इंडियंस। एक विस्फोटक बल्लेबाज होने के नाते, पोलार्ड ने खेल को खत्म करने की कला में महारत हासिल की और खेल के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक बन गए। पोलार्ड ने आईपीएल 2023 खिलाड़ियों की रिटेंशन सूची की आधिकारिक घोषणा से ठीक पहले संन्यास लेने की घोषणा की। अच्छे रिफ्लेक्स के साथ मैदान पर पोलार्ड अपनी फिल्डिंग कौशल के मामले में भी शानदार थे। इस ऑलराउंडर ने मुंबई फ्रेंचाइजी के लिए 2010 में अपनी शुरुआत के बाद से 189 मैचों में 3,412 आईपीएल रन बनाए हैं। पोलार्ड ने 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 में पांच बार आईपीएल और 2011 और 2013 में चैंपियंस लीग जीती। पोलार्ड अब मुंबई इंडियंस में कोच की भूमिक निभाते हुए नजर आएंगे।

## आईएसएल : सीजन के बाद हैदराबाद एफसी का दामन छोड़ेंगे कोच माकेर्ज

हैदराबाद। हैदराबाद फुटबॉल क्लब के मुख्य कोच मनोलो माकेर्ज 2022-23 सत्र के अंत में अपना पद छोड़ देंगे। हैदराबाद को 2021-22 सीज़न में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) खिताब जिताने वाले स्पैनिश कोच ने अग्रिम रूप से क्लब छोड़ने के अपने फैसले की जानकारी दी। माकेर्ज अपना कार्यकाल समाप्त होने से पहले आगामी सुपर कप में हैदराबाद एफसी के साथ रहेंगे। हैदराबाद एफसी के मालिक वरुण त्रिपुरानेनी ने कहा, 'मनोलो के तहत क्लब के पिछले तीन सीजन अविश्वसनीय रहे हैं। एचएफसी के सभी सदस्यों की ओर से मैं मनोलो को उनके अपार योगदान के लिये धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने क्लब को लीग में सर्वश्रेष्ठ में से एक बना दिया।' उन्होंने कहा, 'मनोलो ने हमें उपयुक्त प्रतिस्थापन खोजने के लिये पर्याप्त समय देते हुए फरवरी की शुरुआत में ही क्लब छोड़ने के अपने फैसले की सूचना दी। यह क्लब के प्रति उनका सम्मान दिखाता है।' माकेर्ज़ ने अपने फैसले के बारे में कहा, 'हैदराबाद के साथ पिछले तीन सीजन शानदार और असाधारण रहे हैं। इसके लिये मैं क्लब के सभी सदस्यों को धन्यवाद देता हूं। सीजन अभी खत्म नहीं हुआ है। सुपर कप एक बहुत ही महत्वपूर्ण प्रतियोगिता है जहां हम प्रतिस्पर्धा करना और जीतना चाहते हैं।' अगस्त 2020 में माकेर्ज के आने के बाद से एचएफसी ने पिछले तीन सत्रों में लगातार सुधार किया है। यह क्लब आईएसएल के 2020-21 सीजन में 29 अंक के साथ पांचवें स्थान पर , 2021-22 में 38 अंक के साथ दूसरे स्थान पर 2022 -23 में 42 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जो हैदराबाद एफसी का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। हैदराबाद एफसी माकेर्ज के प्रतिस्थापन पर विचार कर रहा है और सही समय आने पर इसकी घोषणा करेगा।



# बारिश के कारण श्रीलंका-न्यूजीलैंड एकदिवसीय रद्द

### - श्रीलंका के विश्व कप में सीधे क्वालीफाई करने की उम्मीदें घटीं

**क्राइस्टचर्च (एजेंसी)।** बारिश के कारण श्रीलंका और न्यूजीलैंड के बीच होने वाला दूसरा एकदिवसीय क्रिकेट मैच नहीं हो पाया है। यह श्रीलंकाई टीम के लिए एक बड़ा झटका है। इससे उसके विश्वकप के लिए सीधे प्रवेश की संभावनाएं घटीं हैं। इस मैच में एक भी ओवर नहीं फेंका जा सका जिसके कारण अंपायरों ने इसे रद्द घोषित कर दिया।

इस मैच के शुरू होने का समय स्थानीय समयानुसार शाम सात बजकर दो मिनट था पर अंपायरों ने शाम चार बजकर 25 मिनट मैदान का जायजा लेकर मैच रद्द कर दिया। इस ड्रॉ के बाद दोनों टीमों को विश्व कप सुपर लीग में बराबर अंक बांट दिये गये हैं। नियम अनुसार सुपर लीग की शीर्ष आठ टीमों को विश्व कप में सीधा प्रवेश दिया जाता है। श्रीलंका की टीम इस समय 82 अंकों के साथ 9वे स्थान पर है, जबकि उसे विश्व कप से पहले केवल एक और एकदिवसीय मैच खेलना है। श्रीलंका को अब शुक्रवार को होने वाले तीसरे एकदिवसीय में न्यूजीलैंड को हरानो होगा। ऐसे में वह 92 अंक के साथ वेस्ट इंडीज (88) को पीछे कर तालिका में आठवें स्थान पर आ जाएगा। इसके साथ ही श्रीलंका को प्रार्थना करनी होगी कि दक्षिण अफ्रीका की टीम इस हफ्ते नीदरलैंड के खिलाफ होने वाले दो एकदिवसीय मैचों में से केवल एक ही जीत पाये। दक्षिण अफ्रीका 78 अंक लेकर इस समय तालिका में 10वें स्थान पर है!

## यूरोपीय क्वालीफायर : एमबाप्पे की फ्रांस ने जीत के साथ किया आगाज



जिनेवा । काइलियान एमबाप्पे की कप्तानी वाली फ्रांस टीम ने यूरोपीय फुटबॉल क्वालीफायर में आयरलैंड को 1-0 से हराकर शानदार शुरूआत की। फ्रांस के लिए 50वें मिनट में बेंजामिन पावार्ड ने गोल किया। अन्य मैच में सर्बिया ने दुसान ब्लाहोविच के दो गोल की मदद से मोंटेनीग्रो को 2-0 से हराया। वहीं पोलैंड ने रॉबर्ट लेवांडोवस्की के गोल की मदद से अलबानिया को 1-0 से मात दी। हंगरी ने बुल्गारिया को 3-0 से हराया। ऑस्ट्रिया ने एस्टोनिया को 2-1 से शिकस्त दी। स्वीडन ने चोटिल ज्लाटान इब्राहिमोविच के बिना खेलते हुए भी अजरबैजान को 5-0 से हराया।

# टेस्ट मैच में सबसे कम स्कोर पर आउट होने का रिकॉर्ड है न्यूजीलैंड के नाम, 26 रन बना सकी थी टीम

**(एजेंसी)।** क्रिकेट अनिश्चितताओं का खेल है। इस खेल में कब कौन सी टीम किस पर भारी पड़ जाए इसका पहले से अनुमान लगाना बिलकुल संभव नहीं है। पल में हारने वाली टीम जीत जाती है तो जीतने वाली टीम के हाथ से मुकाबला निकलने में अधिक समय नहीं लगता है। अनिश्चित्ताओं के साथ ही ये रिकॉर्ड और इतिहास का भी खेल है। कई ऐसे रिकॉर्ड हैं जो टीम और खिलाड़ियों को गौरवान्वित करते हैं जबकि कई शर्मसार करने पर मजबूर भी करते है।

ऐसा ही एक रिकॉर्ड न्यूजीलैंड की टीम के नाम है जो कीवी टीम ने 28 मार्च के दिन ही बनाया था, जिसे टीम हर हाल में भूलना चाहेगी। दरअसल ये शर्मनॉक रिकॉर्ड न्यूजीलैंड की टीम ने इंग्लैंड की टीम के खिलाफ टेस्ट मैच खेलते हुए 28 मार्च 1955 को बनाया था। ऑकलैंड के इडेन पार्क में खेले गए इस मुकाबले में इंग्लैंड की टीम ने ऐसी तूफानी गेंदबाजी की थी कि न्यूजीलैंड की पूरी टीम सिर्फ 26 रनों के मामूली स्कोर पर ही ढ़ेर हो गई ती। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में किसी भी टीम द्वारा बनाया गया 26 रन न्यूनतम स्कोर है।

इंग्लैंड की टीम ने इस टूर्नामेंट में शानदार आगाज किया था। डुनेडिन यूनिवर्सिटी के ओवल में खेले गए पहले टेस्ट मुकाबले में इंग्लैंड ने दमदार खेल दिखाते हुए आठ विकेट से जीत हासिल की थी। दूसरे मुकाबले में भी इंग्लैंड ने अपने आत्मविश्वास का दमदार प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड की टीम को 200 रनों के स्कोर पर ऑलआउट किया था। इसके बाद दूसरी पारी में न्यूजीलैंड की टीम इंग्लैंड के खिलाड़ियों के आत्मविश्वास का सामना नहीं कर सकी। इंग्लैंड की टीम ने दमदार गेंदबाजी और फील्डिंग की बदौलत न्यूजीलैंड के सभी खिलाड़ियों को महज 26 रन के स्कोर पर पवेलियन लौटा दिया।

पहली पारी में इंग्लैंड की टीम ने 246 रन बनाए थे, जिसके बाद उसके बाद 46 रनों की बढ़त थी। मगर न्यूजीलैंड की टीम दूसरी पारी खेलने के लिए जैसे ही मैदान पर उतरी तो ताश के पत्तों की तरह ढ़ह गई। न्यूजीलैंड को 20 रनों से ये मुकाबला हारना पड़ा था। इस पारी में सर्वाधिक साझेदारी छठे विकेट के लिए थी जो आठ रनों की थी। न्यूजीलैंड के कप्तान ज्योफ रैबोन ने 7, हैली केव ने 5 रन बनाकर ये पारी की सबसे अधिक साझेदारी बनाई थी।



इस मुकाबले में जितने बल्लेबाज शून्य के स्कोर पर आउट हुए थे वो भी रिकॉर्ड है। न्यूजीलैंड के स्कोर को 26 रन तक ले जाने में बर्ट स्टक्लिफ ने अहम भूमिका निभाई थी, जिन्होंने कुल सर्वाधिक 11 रन बनाए थे। मुकाबले के दौरान चार बल्लेबाज खाता खोले बिना ही पवेलियन लौटे थे। तीन खिलाड़ियों ने महज एक-एक रन का स्कोर बनाया था। इंग्लैंड के गेंदबाजों ने इस मुकाबले में दमदार प्रदर्शन करते हुए किवी बल्लेबाजों को क्रीज पर टिकने का मौका ही नहीं दिया था। इंग्लैंड के बॉब एपलयार्ड और ब्रायन स्टैथम ने क्रमशः चार और तीन विकेट हासिल किए थे।

## स्पेन के होटल कर्मी ने मोरक्को फुटबॉल टीम का अपमान किया, हुआ गिरफ्तार

मैड्रिड। स्पेन के मैड्रिड में एक होटल के कर्मचारी को मोरक्को की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का नस्लीय आधार पर अपमान करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने स्पेन की समाचार एजेंसी 'ईएफई' को सोमवार को यह जानकारी दी। कर्मचारी ने सोशल मीडिया पर कथित रूप से अपमानजनक सामग्री पोस्ट की। पोस्ट को देखने वाले होटल के अन्य कर्मचारियों ने उसकी निंदा की। कुछ पोस्ट में अपमानजक सामग्री के साथ मोरक्को के खिलाड़ियों की तस्वीरें भी थीं। मोरक्को की फुटबॉल टीम स्पेन की राजधानी के मेट्रोपोलिटन स्टेडियम में मंगलवार को पेरू का सामना करेगी। पिछले साल कतर में हुए फुटबॉल विश्व कप में मोरक्को ने स्पेन और पुर्तगाल को हराकर सबको चौका दिया था। हालांकि वह सेमीफाइनल में फांस से हार गई थी।



### सलमान को मिली धमकी
## पर राखी ने दिया ऐसा रिएक्शन

बॉलीवुड के दंबग यानी सलमान खान को हाल ही में गैंगस्टर से जान से मारने की धमकी मिली है। जिसके बाद अब ड्रामा क्वीन राखी सावंत ने इस मामले पर अपना रिएक्शन दिया है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है।

**राखी सांवत का वीडियो आया सामने**

वायरल वीडियो में राखी सावंत कह रही हैं- मैं कहती हूं कि सलमान खान एक नेक इंसान हैं. गरीबों का दाता है, वह एक लेजेंड हैं। सलमान भाई के लिए दुआ करो। वो तो लोगों के लिए इतना करते हैं। जानते हो वो कितने अमीर हैं, अंबानी से भी ज्यादा। सलमान भाई के दुश्मनों की आंख फूट जाए। उनकी याददाश्त खत्म हो जाए। मैं सलमान भाई के लिए दुआ करती हूं, कोई उनके बारे में बुरा न सोचें। राखीं ने आगे कहा- उन लोगों से कहना चाहती हूं जो सलमान भाई के खिलाफ इंटरव्यू दे रहे हैं कि क्या बिगाड़ा है उन्होंने तुम्हारा। क्यों मेरे भाई के पीछे हाथ धोकर नहा धो कर पड़ गए हो? वह बहुत नेक हैं उनका प्लीज पीछा छोड़ दो। भाई इतने अमीर हैं, फिर भी वह वन बीएचके में रहते हैं। लोगों के लिए इतना करते हैं। उन्होंने मेरी मां के लिए इतना किया है कि उनका कर्ज नहीं उतारा जा सकता। बता दें कि, एबीपी को दिए इंटरव्यू में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने टीवी चैनल पर सलमान खान को जान से मारने की धमकी दी है। जसके बाद गैंगस्टर गोलडी बरार की तरफ से भी सलमान की टीम को धमकी भरा ईमेल भेजा गया था। जिसके बाद सलमान खान की सिक्योरिटी बढ़ा दी गई है।



# मैं अपने पिता का एक गौरवान्वित बेटा हूं: सुनील

बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी ने अपने पिता और बेटी के साथ स्पेशल रिश्ते को साझा किया। बॉलीवुड अभिनेता ने हाल ही में जब वह एक सिंगिंग रियलिटी शो में आए, तो उन्होंने उनके बारे में बात की और बताया कि वे उनके जीवन में कितने महत्वपूर्ण हैं। सुनील शेट्टी ने कहा है कि उनके पिता वीरपा शेट्टी भगवान की तरह हैं और सभी खुशियां आथिया शेट्टी पर निर्भर करती हैं। सुनील ने कहा, मैं अपने पिता का गौरवान्वित बेटा हूं, मेरा अपने पिता के साथ अद्भुत रिश्ता था। हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि आज हम जो कुछ भी हैं अपने माता-पिता के कारण हैं। हम मंदिर, मस्जिद और गुरुद्वारे में भगवान की तलाश करते हैं, लेकिन भगवान हमारे माता-पिता के रूप में हमारे साथ

कंटेस्टेंट देबोस्मिता रॉय ने झांझरिया और शुक्रन अल्लाह गाने पर अपनी परफॉर्मेंस से उन्हें प्रभावित किया। जहां सुनील ने उनकी सिंगिंग की सराहना की, वहीं उन्होंने अपनी बेटी अथिया शेट्टी के साथ साझा किए गए बंधन के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, देबोस्मिता अपने पिता के साथ जो रिश्ता साझा करती हैं, वह मुझे पसंद है। उनका बंधन मुझे मेरी बेटी अथिया के साथ मेरे रिश्ते की याद दिलाता है। उनके बीच बहुत प्यार है। मैं अथिया के लिए जीता हूं और मेरी खुशी उसी पर निर्भर करती है।

## ईद पर नहीं इस दिन प्रदर्शित होगी
### किसी का भाई किसी की जान

सलमान खान इन दिनों अपनी फिल्म किसी का भाई किसी की जान को लेकर चर्चाओं में हैं। अभी हाल ही में सलमान खान की इस फिल्म का एक गाना भी रिलीज हुआ था। इस गाने के आने के बाद शहनाज गिल काफी चर्चा में आ गई थी। इसी बीच शहनाज गिल ने एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो के कैप्शन में एक्ट्रेस फिल्म की नई रिलीज डेट बताई है। सलमान खान और शहनाज गिल की फिल्म किसी का भाई किसी की जान एक बार फिर चर्चा में आ गई है। सलमान खान की इस फिल्म की एक नई रिलीज डेट सामने आई है। 25 मार्च को शहनाज गिल ने एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो से ज्यादा कैप्शन ने फैंस का ध्यान अपनी तरफ खींचा। शहनाज गिल ने कैप्शन में लिखा 30 डे टू किसी का भाई किसी की जान। अगर इस हिसाब से देखा जाए तो फिल्म की रिलीज डेट 24 अप्रैल होने वाली है। इस वीडियो में एक्ट्रेस जी रहे थे हम गाने पर मस्ती करती दिखीं। सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान की पहले रिलीज डेट 21 अप्रैल यानी ईद के दिन बताई जा रही थी। लेकिन शहनाज गिल के इस पोस्ट के सामने आने के बाद फिल्म की रिलीज डेट अब अलग नजर आ रही हैं। जानकारी के बता दें कि शहनाज गिल सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली है।






## महेश भट्ट ने की 7 :40 की लेडीज स्पेशल टीम की जमकर तारीफ

बहुप्रतीक्षित थिएटर प्ले 7 :40 की लेडीज स्पेशल बहुत ही सेंसेशनल शो रहा। इस प्ले को जाने माने फिल्म मेकर महेश भट्ट द्वारा प्रस्तुत किया था और श्री संदीप कपूर द्वारा निर्मित हैं। ये प्ले, जो ट्रांसजेंडर पूजा शर्मा के अनुभवों पर फोकस करता है, को समुदाय द्वारा सामना किए गए संघर्षों और जीत की असल कहानी दर्शाने के लिए दर्शकों और आलोचकों द्वारा समान रूप से सराहा गया है। सपना बसोया और वीरेन बसोया द्वारा लिखित और वीरेन बसोया द्वारा निर्देशित 7 :40 की लेडीज़ स्पेशल पूजा शर्मा के अनुभव को दिलचस्प और बारीकी से पेश करता है। आवारा थिएटर ग्रुप के अभिनेता निश्चित रूप से एक ताकत हैं, क्योंकि हर कोई अपने पलों में चमकता है। ड्रामा की सफलता काफी हद तक कलाकारों द्वारा इसके शक्तिशाली प्रदर्शन के कारण है, जो अपनी भूमिकाओं में गहराई और सच्चाई लाते हैं। इसमें ट्रांसजेंडर एक्टर और एक्टिविस्ट पूजा शर्मा लीड रोल में हैं, उनका प्रदर्शन बहुत दमदार है, क्योंकि वह एक ऐसी दुनिया में स्वीकृति पाने के लिए संघर्ष कर रहें एक किरदार को दर्शाने के लिए सूक्ष्मता और सहानुभूति लाती है जो अक्सर उन्हें देखने से इनकार करते है कि वह कौन है। फिल्म निर्माता महेश भट्ट ने भी ग्रुप की तारीफ करते हुए कहा, कि काफी बरसों के बाद मैंने इतने ईमानदार अभिनेता और तकनीशियन देखें जो ग्रुप के इरादे को दर्शाता है। इस प्ले की थीम पहचान, स्वीकृति और समुदाय थी जो दर्शकों के साथ रेजोनेट हुई, जो जीवन के सभी क्षेत्रों से विविध भीड़ में आ रहे हैं। एक गहन विषय को उजागर करने के बावजूद इस ड्रामा में हंसी और उत्सव के पल भी हैं जो इसे दिलचस्प और मजेदार बनाए रखते हैं। प्ले में डांस परफॉर्मेंसेज और सूक्ष्म ह्यूमर को भी नजर अंदाज करना मुश्किल होगा। ये प्ले पूजा के साथ एक खुली बातचीत के साथ खत्म होता है और यह अपनी तरह का एक अनुभव है। इसे देखने के बाद वीरेन बसोया ने उम्मीद जताई कि यह ड्रामा ट्रांसजेंडरों के प्रति जागरूकता और समझ बढ़ाने में मदद करेगा। उन्होंने कहा, मैं एक ऐसा प्ले बनाना चाहता था जो ट्रांसजेंडर समुदाय के सामने आने वाले मुद्दों पर रोशनी डाले और उम्मीद है कि दर्शकों के बीच सहानुभूति और समझ की भावना पैदा करे। 7 :40 की लेडीज़ स्पेशल थिएटर की जीत है और इसे ज़रूर देखना चाहिए। अपने शक्तिशाली प्रदर्शन, बारीक लेखन और यूनिवर्सल थीम के साथ, प्ले जल्दी ही एक सांस्कृतिक कसौटी बन गया है, जो अहम बातचीत को बढ़ावा देता है और ट्रांसजेंडर्स द्वारा सामना की जाने वाली चुनौतियों और जीत के बारे में जागरूकता बढ़ाता है। इस ड्रामा की कास्ट और क्रू में पूजा शर्मा रेखा, सपना बसोया, स्वरूपा घोष, रंजय कुमार, वैष्णव वाणी, प्रतीक्षा इंगोले, शमीम रईन, जोगेन देवासी, आयशा चौधरी, राजोर पी राज, गीता सरोहा, सिद्धार्थ नेगी, अभय मिश्रा, गायत्री नेगी और शिवम शामिल हैं, जिनकी प्रभावशाली प्रदर्शन ने प्ले को और भी दमदार बना दिया। इसका म्यूजिक प्राणिल मोरे द्वारा रचित था, वहीं लाइटनिंग चेतन चंद द्वारा डिजाइन की गई थी, कॉस्टयूम गीता सरोहा द्वारा, मेक अप विनिशा चोकशी और दृष्टि डिडवानिया द्वारा और कोरियोग्राफी सयाली मोरे द्वारा की गई थी। यह एक आवारा थिएटर ग्रुप प्रोडक्शन है और इसका निर्माण प्रोमोडोम मोशन पिक्चर्स (संदीप कपूर) द्वारा किया गया है।



## इस दिन जर्मन ब्वॉयफ्रेंड संग शादी करने जा रही है श्रीजिता डे

टीवी एक्ट्रेस श्रीजिता डे इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर लाइमलाइट में हैं। बिग बॉस 16 कंटेस्टैंट जल्द ही शादी रचाने जा रही है। पिछले कई सालों से एक्ट्रेस अपने जर्मनी बेस्ड मंगेतर माइकल ब्लोम पेप के साथ रिलेशनशिप में हैं। इसी के साथ अब श्रीजिता ने खुद ही अपनी शादी की डेट अनाउंस कर दी है। बता दें कि श्रीजिता डे अपनी शादी के लिए काफी एक्साइटेड है। एक्ट्रेस ने बताया कि उनकी शादी के लिए गाउन भी रेडी हो गया है और वह इसी साल 1 जुलाई को शादी करने वाली है। इससे पहले श्रीजिता ने यह भी बताया था कि उनकी शादी पहले जर्मनी के तौर तरीकों से हैम्बर्ग में होगी। जिसके बाद वह बंगाली रिति-रिवाजों के हिसाब से गोवा में शादी करेंगी।



## यूनाइटेज कच्चे में दर्शकों को हंसाने के लिए आ रहे हैं सुनील ग्रोवर

जबरदस्त कॉमेडी से हंसी के ठहाके लगाने पर मजबूर करने वाले सुनील ग्रोवर अपनी एक्टिंग के लिए काफी जाने जाते हैं। सुनील जल्द ही जी 5 की अपकमिंग सीरीज यूनाइटेज कच्चे में नजर आएंगे। इस 8 एपिसोड की सीरीज में सुनील के अलावा सतीश शाह, सपना पब्बी, निखिल विजय, मनु ऋषि चड्ढा, नयनी दीक्षित और नीलू कोहली भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। मानव शाही द्वारा निर्देशित यह सीरीज का 31 मार्च 2023 को स्ट्रीम होगी। यूनाइटेड कच्चे पंजाब के तेजिंदर टैंगो गिल (सुनील ग्रोवर) की कहानी है, जो एक बेहतर जीवन के लिए विदेश जाने का मन बना लेता है। वह अपने पिता से विरासत में मिले इस सपने को पूरा करने के लिए किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार है। अपनी पुश्तेनी जमींन गिरवी रखने के बाद टैंगो को इंग्लेंड जाने का मौका मिलता है लेकिन वहां जाकर उसे तुंरत अपनी गलती का एहसास होता है। सीरीज कई ऐसे भारतीय, पाकिस्तानी और बांग्लादेशी नागरिकों की कहानी को उजागर करती है जो इंग्लैंड के स्थायी निवासी नहीं हैं और इसलिए उन्हें कच्चे के रूप में जाना जाता है। वे वैध कागजी कार्रवाई के बिना अवैध अप्रवासियों के रूप में विदेश में बस जाते हैं, अधिकारियों से

गुजारते करते हैं। सुनील ग्रोवर ने अपनी सीरीज के बारे बताते हुए कहा कि सनफ्लॉवर की सफलता के बाद, मैं इस उम्मीद के साथ यूनाइटेड कच्चे के लिए फिर से ज़ी5 के साथ जुड़ कर काफी खुश हूं और उम्मीद करता हूं कि हमारे दर्शक हमारी इस नई सीरीज के लिए भी हमें उतना ही प्यार देंगे। यूनाइटेड कच्चे विभिन्न देशों और धर्मों के सभी अवैध प्रवासियों के एकीकरण का संदेश देता है जो एक परिवार बन जाते हैं क्योंकि वे एक ही संघर्ष से गुजर रहे हैं, इसलिए इस सीरीज में आप एक भारतीय व्यक्ति, एक पाकिस्तानी युगल और एक बांग्लादेशी जोड़ी को एक साथ रहते हुए देखेंगे। यूनाइटेड कच्चे 31 मार्च से विशेष रूप से जी5 पर स्ट्रीम होगी।



## उर्फी जावेद और सनी लियोनी बनीं सहेली

एक अवॉर्ड फंक्शन में सनी लियोनी और उर्फी जावेद एक साथ एक-दूसरे की कमर पकड़े पहुंचीं। दोनों को साथ में देखकर फैंस उन्हें इंडस्ट्री की नई दोस्त कह रहे हैं। फंक्शन में उर्फी ह्यूमन रिब स्ट्रक्चर की टॉप पहने नजर आईं तो सनी काफी खूबसूरत सी ड्रेस में चमक रही थीं। एक अवॉर्ड फंक्शन ने रविवार रात मुंबई और सोशल मीडिया पर हर तरफ कब्जा कर लिया। पर्पल कार्पेट पर सबसे ज्यादा चमकने वालों में सनी लियोनी और उर्फी जावेद शामिल थीं। दोनों पर्पल कार्पेट पर साथ आईं और मीडिया को पोज दिए। उर्फी और सनी लियोनी को ऐसे साथ में पोज देते हुए देखकर लोगों को बहुत मजा आ रहा है। वे उन्हें बेस्ट फ्रेंड्स भी कह रहे हैं। दोनों कार्पेट पर काफी ग्लैमरस लग रही हैं। इवेंट के एक वीडियो में सनी लियोनी और उर्फी जावेद स्टाइलिश आउटफिट में एक साथ पोज देती नजर आ रही हैं। जहां सनी ने सिल्वर हील्स के साथ एक शिमरी सिल्वर ऑफ-शोल्डर गाउन चुना, वहीं उर्फी ने एक रिस्की टॉप चुना, जो ह्यूमन रिब केज जैसा लग रहा था। उन्होंने इसे बेज रंग में कुछ लो वेस्ट पैंट के साथ पेयर किया। उर्फी ने सनी को उनकी कमर से पकड़ रखा था और दोनों कैमरे के लिए मुस्कुरा रही थीं। पपराजी ने उनका नाम चिल्लाकर उनका ध्यान खींचने की कोशिश की। एक ने तो माई टू फेवरेट भी कहा, तब सनी और उर्फी हंसने लगे।

### उर्फी औप सनी लियोनी नई दोस्त

पपाराज़ी ने वीडियो को कैप्शन दिया- बी-टाउन के नए दोस्त उर्फी जावेद और सनी लियोनी ने आज एक साथ इवेंट में मीडिया को पहचाना!! बार्बी डॉल बार्बी डॉल !! फैंस पागल हो गए! एक पपाराज़ो ने उर्फी से उनकी शादी के बारे में भी पूछा तब उन्होंने कहा- इसकी शादी कब होगी, इसकी शादी कराओ। दूसरों ने उन्हें बताया कि फोटोग्राफर दो बार तलाकशुदा है। तीसरी बार भी होगा।





## श्रेयस तलपड़े का चौंकाने वाला खुलासा

सुकुमार के निर्देशन वाली फिल्म पुष्पा-द राइज दर्शकों के बीच सुपरहिट साबित हुई। इस ब्लॉकबस्टर फिल्म ने अल्लू अर्जुन को एक नई पहचान दिलाई। फिल्म ने ऊं अंटावा और श्रीवल्ली जैसे शानदार गाने के साथ कई डायलॉग भी दिए, जैसे पुष्पा झुकेगा नहीं और फ्लावर नहीं, फायर है मैं। फिल्म के ये डायलॉग आज भी लोगों के जुबान पर चढ़े हुए रहते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि जिस डायलॉग को लोग हर समय प्रयोग में लाते हैं, असल में वह पुष्पा की मूल तेलुगू फिल्म का था ही नहीं। दरअसल, यह डायलॉग फिल्म को हिंदी में डब करते समय बनाया गया था। इस बात का खुलासा अभिनेता श्रेयस तलपड़े ने किया है, जिन्होंने पुष्पा- द राइज के हिंदी संस्करण में अल्लू अर्जुन की डबिंग की थी। हाल ही में दिए इंटरव्यू में अभिनेता ने यह चौंकाने वाला खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि डबिंग के दौरान मूल संवादों पर बहुत सुधार किया गया था।

### यह था असली डायलॉग

श्रेयस ने खुलासा किया कि मूल फिल्म में डबिंग के दौरान शाब्दिक अनुवाद नहीं किए गए थे। अल्लू अर्जुन के पॉपुलर डायलॉग का शाब्दिक अनुवाद पुष्पा जाएगा नहीं था, लेकिन इसे और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए हमने इसे पुष्पा झुकेगा नहीं बनाया और फिर आप सब जानते हैं कि यह डायलॉग कितना पॉपुलर हुआ। वहीं, श्रेयस तलपड़े ने बताया कि फिल्म का एक और आइकॉनिक डायलॉग फ्लावर नहीं, फायर है मैं। ओरिजिनल फिल्म का हिस्सा नहीं था। हमने डबिंग के दौरान बदलाव किए और एक साल के बाद भी लोग यह डायलॉग बोलते हैं। दरअसल, वास्तव में हमारा उद्देश्य यह था कि शाब्दिक अनुवाद के बजाय हम इसे कुछ इस तरह से सुधारे, जो किरदार के सार को बनाए रखे और ऑडियंस को भी याद रहे।